दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 126 जयपुर, मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024 | चैत्र, शुक्ल पक्ष- अष्टमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00


लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर किया जमकर प्रहार, बोले...

# कालेधन से मुक्त कराने के लिए लाए थे इलेक्टोरल बॉन्ड... सब पछताएंगे

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव से पहले अहम मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव मैदान में हम अपने ट्रैक रिकॉर्ड को लेकर गए हैं तो दूसरी ओर विपक्ष पुराना टैप रिकॉर्ड लाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पीएम मोदी ने 2047 के विजन, इलेक्टोरल बॉन्ड, एलन मस्क से मुलाकात और टेस्ला की भारत में एंट्री पर खुलकर अपने विचार रखे।

इलेक्टोरल बॉन्ड पर पीएम मोदी ने कहा कि फिर से देश को कालेधन की तरफ धकेल दिया गया है। चुनावों को कालेधन से मुक्त कराने के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड लाया गया था, लेकिन उसे रद्द कर फिर से चुनावों में कालेधन के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह देश के लिए खतरनाक है। इसका विरोध करने वाले लोग इस मुद्दे पर पछताएंगे। मोदी ने विपक्षी दलों पर इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम को लेकर 'झूठ फैलाने' का आरोप लगाया है। पीएम मोदी ने कहा कि चुनावी बांड योजना का उद्देश्य चुनावों में काले धन पर अंकुश लगाना था लेकिन विपक्ष आरोप लगाकर भागना चाहता है। उन्होंने कहा, इलेक्टोरल बॉन्ड के कारण आपको मनी ट्रेल का पता चल सका है। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर पीएम मोदी ने कहा कि ये हमारी प्रतिबद्धता है। कई लोगों ने समिति को अपने सुझाव दिए हैं। बहुत सकारात्मक और नवोन्मेषी सुझाव आए हैं। अगर हम इस रिपोर्ट को लागू कर पाए तो देश को बहुत फायदा होगा।



## विपक्ष ने बनाया राम मंदिर को राजनीति का हथियार

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने राम मंदिर मुद्दे को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल किया है। भाजपा और उनके जन्म से पहले से ही यह मुद्दा चला आ रहा था। उस वक्त भी इस मामले को कोर्ट के जरिये निपटाया जा सकता था। भारत के बंटवारे के समय भी वे तय कर सकते थे कि ऐसा-ऐसा करेंगे। ऐसा नहीं किया गया। क्यों? क्योंकि यह उनके लिए वोट बैंक की राजनीति के लिए एक हथियार की तरह था। विपक्ष को घेरते हुए मोदी ने कहा कि राम मंदिर बन गया, कुछ नहीं हुआ, कहीं कोई आग नहीं लगी। अब उनके हाथ से मुद्दा चला गया, आखिर डराएंगे कैसे। सोमनाथ मंदिर से लेकर अब तक की घटनाएं देखें तो वो भारत की मूलभूत आस्थाओं के प्रति निगेटिविटी लेकर ही वो देश में अपनी बात रखते थे। सोमनाथ मंदिर को लेकर क्या प्रॉब्लम था तो उसमें सरदार पटेल थे। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को जाना था। उस समय न जनसंघ था, ना भाजपा थी और ना ही कोई लड़ाई थी, लेकिन उन्होंने जाने से मना कर दिया था जाने को। वो परंपरा आज भी चल रही कि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिले और आप से उसे ठुकरा दें।

## कांग्रेस ने किया सनातन विरोधियों के साथ गठबंधन

पीएम मोदी ने तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी डीएमके की सनातन विरोधी विचारधारा को लेकर पर सवाल किया कि कांग्रेस की क्या मजबूरी है, जो सनातन धर्म के खिलाफ जहर उगलने वालों के खिलाफ गठबंधन करने को मजबूर है। डीएमके के खिलाफ भारी गुस्सा है और तमिलनाडु के लोग अब भाजपा की ओर रुख कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस के भीतर ही चिंता करने का विषय है। डीएमक का तो जन्म ही शायद इसी नफरत में हुआ होगा और धीरे-धीरे लोग उनके नफरत के खेल को भी अस्वीकार कर रहे हैं। इसलिए सवाल कांग्रेस जैसी पार्टी का है कि क्या उसने अपनी मूल विचारधारा को गंवा दिया है, जिनकी नेता इंदिरा गांधी कभी खुलेआम गले में रुद्राक्ष की माला पहनकर घूमती थीं।

## जरूरी खबर

### 11 ट्रेनी थानेदारों की जमानत पर आया स्टे ऑर्डर



**जयपुर।** पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक केस में राजस्थान हाईकोर्ट ने 11 ट्रेनी सब इंस्पेक्टर की रिहाई पर रोक लगा दी है। वहीं इस केस में एक दिन पहले गिरफ्तार किए गए चार और ट्रेनी सब इंस्पेक्टर को 5 दिन के लिए एसओजी को रिमांड पर सौंप दिया गया है। रिमांड पर लिए गए चार ट्रेनी थानेदारों में हरिओम, विक्रम, श्रवण कुमार और श्याम प्रताप शामिल हैं। एसओजी अधिकारियों ने बताया कि कोर्ट ने 11 ट्रेनी सब इंस्पेक्टर की जमानत याचिका स्वीकार कर ली थी, लेकिन जमानत ऑर्डर देर शाम तक नहीं पहुंचने के कारण उनकी रिहाई नहीं हो सकी थी। उसके बाद दो दिन का अवकाश आ गया था। सोमवार को उनकी रिहाई होनी थी, लेकिन इससे पहले ही स्टे ऑर्डर जारी कर दिया। इसके कारण अब वे जेल में ही रहेंगे।

### ओडिशा: बेकाबू बस फ्लाईओवर से गिरी, पांच की मौत



**जाजपुर (ओडिशा)।** ओडिशा के जाजपुर जिले में सोमवार को एक बस फ्लाईओवर से गिर गई। इस दुर्घटना में पांच की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। यह बस पुरी (ओडिशा) से कोलकाता जा रही थी। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 16 पर बाराबती में एक फ्लाईओवर को पार करते समय चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस नीचे गिर गई। सूत्रों के मुताबिक, दोपहर में करीब 50 यात्रियों को लेकर बस पुरी से कोलकाता जाने के लिए निकली थी। इसी दौरान हादसा हो गया। हादसे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया, जिसे स्थानीय पुलिस ने सुचारू कराया। हादसे में बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## गुलाबी नगरी में अमित शाह ने तो अलवर में प्रियंका ने रोड शो के माध्यम से वोटरों को साधा

# परकोटे में मेगा रोड शो भगवामय हुई पिंकसिटी




फोटो: पंकज शर्मा



### तीसरी बार मोदी सरकार

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में मिशन-25 को लेकर बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व ने चुनाव प्रचार की कमान संभाल रखी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत वरिष्ठ नेताओं के लगातार दौरे हो रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह एक बार फिर प्रदेश के दौरे पर रहे। शाह ने गुलाबी नगरी जयपुर के परकोटे में रोड शो कर तीन विधानसभा सीटों पर असर डालने की कोशिश की। इस दौरान उन्होंने आम जनता से भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा के समर्थन में वोट करने की अपील की। अमित शाह की एंट्री सांगानेरी गेट से हुई। उसके साथ रथ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रत्याशी मंजू शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी सवार रहीं। इस दौरान अमित शाह ने नारा दिया कि इस बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार।

शाह का रथ जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार होते हुए छोटी चौपड़ पहुंचा। इस रूट की दूरी करीब 1.8 किलोमीटर रही। इस रोड शो के माध्यम से बीजेपी जयपुर शहर लोकसभा सीट पर जीत की हैट्रिक लगाना चाह रही है, यही वजह है कि रोड शो के जरिये अमित शाह ने परकोटे की तीन विधानसभा सीटें, जिसमें आदर्श नगर, किशनपोल और हवामहल सीट को कवर किया, जहां भाजपा कमजोर स्थिति में है।

### तीन विधानसभा सीटों के वोटरों को साधने का प्रयास

परकोटे की तीन में से दो आदर्श नगर और किशनपोल विधानसभा से कांग्रेस विधायक हैं, जबकि हवामहल लोकसभा सीट पर भाजपा का विधायक है। मुस्लिम बहुल इस क्षेत्र में बीजेपी की कोशिश है कि यहां से भी बढ़त बनाई जाए। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में जयपुर सीट से रामचरण बोहरा को 4,30,626 वोटों से जीत मिली थी। इस बार बीजेपी 15 फीसदी से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत चाहती है।

### पहले पीएम मोदी ने भी किया था रोड शो

शहर की तीन विधानसभा सीटों को कवर करने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जयपुर के परकोटे में रोड शो किया, उसी क्षेत्र में 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी रोड शो किया था। हालांकि, पीएम मोदी के रोड शो के बाद भी तीन में से सिर्फ बीजेपी एक ही सीट पर जीत दर्ज कर पाई थी।

# प्रियंका का जनता ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

### लोगों ने अपनी समस्याएं लिखकर पहुंचाई



बेधड़क | अलवर

लोकसभा चुनाव 2024 के रण में प्रदेश की 25 सीटों पर पहले दो चरणों में चुनाव होने हैं। इसके लिए कांग्रेस और भाजपा ने चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने सोमवार को अलवर में पार्टी प्रत्याशी ललित यादव के समर्थन में रोड शो किया। इस रोड शो में प्रियंका गांधी की एक झलक पाने के लिए लोग सड़क के दोनों ओर खड़े दिखाई दिए। रोड शो के दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा कर प्रियंका गांधी का स्वागत किया। इस दौरान कई लोगों ने कागज पर लिखकर अपनी समस्याएं प्रियंका गांधी तक पहुंचाई। अलवर के शहीद स्मारक से प्रियंका गांधी का रोड शो दोपहर करीब 1 बजे शुरू हुआ, जो मन्नी का बड़, चर्च रोड, होप सर्कस, कलाकंद मार्केट, घंटाघर, कांशीराम चौराहे से होता हुआ रोड नंबर 2 तक पहुंचा। करीब तीन किमी की दूरी तय करने के बाद प्रियंका गांधी का रोड शो करीब 1:50 बजे खत्म हुआ। इसके बाद वे दौसा के लिए रवाना हो गईं।

### 'बड़े उद्योगपतियों के लिए बन रही मोदी सरकार की नीति'

बेधड़क | दौसा

जिले के बांदीकुई में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने न्याय संकल्प रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार की नीति बड़े-बड़े उद्योगपति के लिए बन रही है। उद्योगपतियों के कर्जे माफ हो रहे हैं, लेकिन किसानों के कर्जे माफ नहीं हो रहे हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि भगवान राम को सब नैतिकता के आधार पर पूजते हैं लेकिन कुछ लोग सत्ता के लिए पूजते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सरकारों को तोड़ने के लिए 100-100 करोड़ रुपए खर्च किए, ऐसे में उनकी नैतिकता कहां चली गई। उन्होंने कहा कि वैक्सीन खरीदने वालों से और गुजरात में जो पुल गिरा था, उस ठेकेदार से चुनावी चंदा लिया है। जनता को केवल 5 किलो का अनाज का थैला दिया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि ये लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। प्रियंका ने कहा कि ये देश को बनाने का चुनाव है, ये कांग्रेस और भाजपा का चुनाव नहीं है। ये संविधान को बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि सभी अर्जुन बन जाएं अपना ध्यान जाति, किसी धर्म पर नहीं रखकर इस पर ध्यान दें कि आपका भविष्य कौन बनाएगा, क्योंकि आपका एक वोट देश के भविष्य का फैसला करेगा।


## हैदराबाद ने बनाया IPL इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर

# हैदराबाद ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी, बेंगलुरु को 25 रन से हराया

- चंद हफ्तों में ही अपना ही रिकॉर्ड कर दिया चकनाचूर
- आईपीएल के एक मैच में बने सबसे ज्यादा 549 रन

एजेंसी | बेंगलुरु

एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच को रनों की खान माना जाता है। इस ग्राउंड पर जमकर चौके-छक्के लगते हैं। सोमवार रात भी यही देखने को मिला। सनराइजर्स हैदराबाद ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ते हुए आईपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा टोटल यानी 287/3 का स्कोर खड़ा किया। सनराइजर्स ने इसी सीजन में 27 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट पर 277 रन बनाकर पिछला कीर्तिमान स्थापित किया था। इस विशाल लक्ष्य के जवाब में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम अपने घर पर सात विकेट खोकर 262 रन बनाने में कामयाब रही और 25 रन से मैच गंवा बैठी। पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे चल रही आरसीबी की यह सात मैच में छठी हार है और अब उसका प्लेऑफ में पहुंचना असंभव है।




### मैच में इन्होंने दिखाया अपना कमाल

टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को ट्रैविस हेड ने शानदार शुरुआत दिलाई। बाएं हाथ के ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ने 41 गेंद में 102 रन बनाए, जिसमें नौ चौके और आठ छक्के शामिल थे। ट्रैविस हेड ने अभिषेक शर्मा के साथ 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी की। अभिषेक शर्मा ने 22 गेंद में 34 रन बनाए। इसके बाद हेड और हेनरिच क्लासेन ने 26 गेंद में 57 रन की साझेदारी की। क्लासेन ने 31 गेंद में 67 रन बनाए, जिसमें दो चौके और सात छक्के शामिल थे। अंत में अब्दुल समद ने सिर्फ 10 गेंद में तीन छक्के और चार चौकों की मदद से 37 रन बनाए, जबकि ऐडन मार्कमर 17 गेंद में 32 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने चौथे विकेट की अटूट साझेदारी में 56 रन जोड़े।

### मैच में बने कई रिकॉर्ड

आईपीएल में अभी तक केवल एक ही मैच ऐसा रहा, जिसमें दोनों टीमों ने कुल मिलाकर 530 से अधिक रन बनाए थे। आईपीएल 2024 में SRH vs MI मैच में कुल 523 रन बने थे। अब RCB vs MI मैच ने एक मुकाबले में सबसे ज्यादा रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

हैदराबाद और बेंगलुरु के इस मैच में कुल 549 रन बने हैं। SRH vs RCB ने किसी एक मैच में लगे सबसे ज्यादा छक्कों के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। इस मुकाबले में हैदराबाद की ओर से 22 और RCB के बल्लेबाजों ने 16 छक्के लगाए। मैच में कुल 38 छक्के लगे।

## जरूरी खबर

### पुलिस अधिकारियों ने संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण




**चाकसू।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन विभाग व पुलिस महकमा पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। सोमवार को एसीपी सुरेंद्र सिंह ने थाना प्रभारी कैलाश दान के साथ चाकसू क्षेत्र के अति संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि ग्राम थली सहित 14 अति संवेदनशील बूथों पर मतदान की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। यहां पर चिह्नित लोगो को पाबंद किया। पुलिस ने लोगों से निर्भय होकर मतदान करने की अपील की।

### ज्योतिबा फुले व सावित्री बाई मूर्ति अनावरण आज

**चाकसू।** गांव रामपुरा बुजुर्ग में सैनी विकास समिति की ओर समाज के बालिका छात्रावास में महात्मा जोतिबा फूले व सावित्री बाई फूले की प्रतिमाओं का अनावरण मंगलवार को किया जाएगा। समिति अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद अजमेरा व सचिव रामरतन सैनी ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, दौसा जिला प्रमुख हीरालाल सैनी सहित समाज कई गणमान्य पंच-पटेल शिरकत करेंगे। वहीं 17 अप्रैल को समाज के 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

### CM गुजरात, डीप्टी सीएम प्रदेश में करेंगे चुनाव प्रचार



**जयपुर।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान में प्रचार के आखिरी दिनों में भाजपा नेताओं के दौरे तेज हो गए हैं। मंगलवार को भाजपा के कई बड़े नेता प्रदेश में चुनाव प्रचार करेंगे। इनमें सीएम भजन लाल बनासकांठा गुजरात में तो वहीं डीप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा झुंझुनूं, सीकर, नागौर, अजमेर में और दीया कुमारी नागौर में दौरें करेंगे। वहीं प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी विनय सहस्त्रबुद्धे धौलपुर और टोंक में, प्रदेश प्रभारी विजया राहटकर उदयपुर व राजसमंद में, सह-प्रभारी प्रवेश वर्मा सीकर व जयपुर में, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी चित्तौड़गढ़ में चुनावी दौरें पर रहेंगे।

---

**चूरू से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र झाझड़िया ने सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान कहा...**

# सनातन धर्म और देश की रक्षा के लिए जनता मोदी के साथ

**बेधड़क** | जयपुर

चूरू संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र झाझड़िया ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से देश का विश्व में मान-सम्मान बढ़ा है। सनातन धर्म और देश की रक्षा के लिए देश की जनता पीएम मोदी के साथ खड़ी है जो चूरू लोकसभा क्षेत्र में रिकार्ड मतों से कमल का फूल खिलाकर रहेगी।

उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल स्वार्थ के लिए किसान की आड़ ले रहे हैं, जबकि विरोधियों को पता है कि पूरा देश मोदी के साथ खड़ा है। इस बार आंकडा 400 पार होकर रहेगा। झाझड़िया सोमवार को सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनसम्पर्क के दौरान ग्रामीणों को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि धर्म के बिना सच्ची राजनीति नहीं हो सकती। भाजपा में धर्म है और धर्म के मार्ग पर चलकर राजनीति करते हैं।




उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से आज पाकिस्तान देश की तरफ आंख उठाकर देखने की हिम्मत तक नहीं करता। उन्होंने कहा कि इस बार की जीत पीएम मोदी की झोली में डालनी है। वे देश के लिए जीते हैं और देश को मजबूत करने में लगे हैं।

झाझड़िया ने कहा कि पीएम मोदी ने मुझे चूरू सीट पर टिकिट देकर भेजा है, ऐसे में हमारा दायित्व है कि इस सीट पर कमल का फूल खिलाकर जीत मोदी की झोली में डालनी है।

#### वचन निभाते हैं मोदी

देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि मोदी धर्म के साथ राजनीति करते हैं और उनकी सोच कभी गलत नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अपना दिया हुआ वचन जरूर निभाते हैं। इस बार मोदी का नारा 'अबकी बार 400 पार' सार्थक होगा, क्योंकि देश मोदी के साथ खड़ा है। मोदी ने विश्व में देश को जो सम्मान दस साल में दिलाया वह पिछले 65 सालों में भी नही मिल सका। सारे कार्यकर्ता एक जुट हैं और पीएम मोदी के साथ खड़े हैं। देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि किसान भाजपा और मोदी का विरोध नहीं कर सकता। मोदी सरकार ने किसानों के खाते में किसी न किसी रूप में करीब पांच हजार करोड़ रुपए की राशि डलवाई है। किसान, मजदूर और गरीब के बारे में जितना मोदी सोचते हैं दूसरा राजनीतिक दल कभी सोच भी नहीं सकता।

#### BJP ने देश के लिए किया संघर्ष

भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि भाजपा ने सदैव देश के 140 करोड़ लोगों के लिए संघर्ष किया है। गरीब, किसान, मजदूर के हितों की पैरवी की है। आगे भी यह संघर्ष इसी तरह से जारी रहेगा। भारतीय जनता पार्टी ने जिस भरोसे और उम्मीद के साथ टिकट दिया है, उसकी शान रखना आपकी और हम सबकी जिम्मेदारी है। झाझड़िया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस नारा अबकि बार 400 पार के नारे को जनसमर्थन से साकार करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी का ग्राफ दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने अनुभव व विकासपरक सोच से ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। इसके कारण आज देश ही नहीं, विश्व के भी अनेक देश उनका लोहा मानते हैं। देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि उनके सामने विपक्षी दलों का कोई भी उम्मीदवार टिक नहीं पाएगा, जनता का सहयोग उनके साथ है।

---

**मुख्यमंत्री भजनलाल ने प्रेसवार्ता में बताई मेनोफेस्टो की खासियत**

# हमारा संकल्प पत्र जनता की ओर से तैयार विजन दस्तावेज

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि हमारा संकल्प पत्र जनता के लिए जनता की ओर से तैयार किया गया एक पवित्र विजन दस्तावेज है। भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों युवा, नारी, गरीब, किसान को सशक्त करने वाला है। हम प्रदेश की जनता के सहयोग और आशीर्वाद से विकसित भारत 2047 के संकल्प को और अधिक मजबूत करने के लिए प्रदेश की सभी 25 सीटों पर कमल खिलाएंगे।

सीएम शर्मा सोमवार को जेएलएन मार्ग स्थित एक होटल में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बाचतीत में कहा कि भाजपा ने बाबा साहब अंबेडकर की पावन जयंती पर विकास का संकल्प पत्र देश के सामने प्रस्तुत किया है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं यह संकल्प पत्र गारंटी के पूरा होने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए हमारे पास 10 साल का रिपोर्ट कार्ड है। हमारे पास दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी का नेतृत्व है। विपक्षी घमंडिया गठबंधन के पास न तो नियत है, न नेता है और ना ही नीति है। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को अपना ध्येय मान कर काम किया है। 2014 में जो भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था था आज वह विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना गया है। पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।



#### मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने जैसी

सीएम शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने की जैसी गारंटी है। मोदी की गारंटी की बात करें तो जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, 25 करोड़ लोगो को गरीबी रेखा से बाहर निकालना शामिल है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में होने वाली सभी भर्ती परीक्षाओं को पारदर्शी बनाते हुए पेपर माफिया के खिलाफ सख्त कानून बनाया है। राजस्थान में 100 दिन में पेपर लीक के खिलाफ जो कार्रवाई हुई है वह युवाओं को सुकून देने वाली है।

#### गरीब, युवा, किसान व नारी को तवज्जो

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति पर केंद्रित है। संकल्प पत्र में मुफ्त राशन योजना को 5 साल के लिए बढ़ाया गया। जन औषधि केंद्रो का विस्तार, आयुष्मान भारत के तहत 70 साल की आयु से ऊपर वाले बुजुर्गों को 5 लाख का मुफ्त इलाज, पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ नए घर बनेंगे। पहले उज्ज्वला योजना के माध्यम से मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर दिए थे और अब गैस की पाइपा लाइन बिछाने का काम किया जाएगा। सूर्य घर योजना के अंतर्गत मुफ्त बिजली, स्वंय सहायता समूहों की 10 करोड़ महिलाओं को सर्विस सेंटर से जोड़ना और जहां पहले एक करोड़ लखपति दीदी बनाई अब आगे 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

#### घोषणा पत्र के 45 फीसदी वादे पूरे

सीएम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस केवल घोषणा पत्र जारी करती है, जबकि भाजपा आम जन से सुझाव लेकर संकल्प पत्र जारी करती है, जिसे तय समय में पूरा भी किया जाता है। राजस्थान सरकार की बात करें तो हमने संकल्प पत्र में जो वादे किए थे उनमें से 40-45 प्रतिशत वादे पूरे हो चुके हैं। ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, अक्षय थर्मल ऊर्जा में 2 लाख 24 हजार करोड़ के समझौते, पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ एसआइटी गठन, 450 रुपए में गैस सिलेंडर, अपराधों की रोकथाम पर टास्क फोर्स गठन, पेट्रोल-डीजल पर वैट और फ्रेट कम करके जनता को राहत देने का काम राजस्थान सरकार ने किया है। वहीं राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढाई, जनप्रतिनिधियों का भत्ता बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जहां समस्याएं हैं वहां हम समाधान देते हैं।

---

**50 से ज्यादा गांवों में किया जनसंपर्क**

# जालोर-सांचौर में दौड़ाएंगे तरक्की की गाड़ी: वैभव गहलोत



**बेधड़क** | जयपुर

जालोर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत ने सोमवार को सांचौर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन ग्रामीणों ने वैभव का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया।

वैभव ने कहा कि उन्होंने ठान लिया है कि जालोर, सांचौर, सिरोही को अब पिछड़ा नहीं रहने देंगे और यहां की तरक्की के प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान वैभव ने क्षेत्र के डबाल, वेड़िया, बावरला, डूंगरी, हाडेचा, टांपी, काछेला, दूठवा, बिछावाड़ी, सेसावा, सरवाना, मेघावा, केसुरी, विरावा, खासरवी, केरिया, सिपाहियों की ढाणी, चितलवाना सहित 50 से ज्यादा गांवों के लोगों से मुलाकात की, उनसे संवाद किया और समस्याएं जानी।

वैभव ने उनकी समस्याएं जल्द से जल्द दूर कराने का भरोसा भी दिलाया। वैभव गहलोत को सुनने के लिए बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहा और ग्रामीणों ने एकमत से कांग्रेस को समर्थन देने की बात कही। जनसंपर्क के दौरान वैभव ने गांव काछैला में दलपत जी किस्तूरा के यहां गंगाप्रसादी में भाग लिया और यहां 61 गांवों के पंच पटेलों से मुलाकात की। वैभव ने इस दौरान खासरवी के शिव मंदिर में दर्शनलाभ भी लिया। जनसंपर्क के दौरान पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई, रमीला मेघवाल, तालब खान, जोर सिंह, कर्ण सिंह, बलवंत सिंह सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### जालोर में फेल हो गई डबल इंजन की सरकार

जनसंपर्क के दौरान वैभव ने कहा कि जालोर, सांचौर, सिरोही में रेल गाड़ियों के विस्तार की मांग वर्षों से हो रही है, लेकिन 20 साल से यहां जमे भाजपा के सांसदों ने इस मांग को नजर अंदाज किया है। सांचौर क्षेत्र से ही लगातार तीन बार भाजपा के सांसद रहे। इन्होंने यहां के लोगों के लिए एक भी रेलगाड़ी नहीं चलवाई। वैभव ने कहा कि भाजपा कहती है कि डबल इंजन की सरकार है, तो फिर डबल इंजन सरकार जालोर-सिरोही में कैसे फेल हो गई। भाजपा सांसदों ने ग्रेनाइट के लिए भी दिल्ली से कोई नीति या योजना बनाकर नहीं लाए। सांचौर को जिला बनाने की आपकी वर्षों की मांग को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूरा किया। जिला बनने से आपको काफी आराम पहुंचा है, कागज बनवाने के लिए कही और नहीं जाना पड़ता है, लम्बी दूरी तय नहीं करनी पड़ती है।

#### आज इन गांवों में करेंगे जनसंवाद

वैभव गहलोत मंगलवार को सांचोर विधानसभा क्षेत्र के हाडेतर, डांगरा, धानता, अरणाय, खारा, पमाणा, बिजरोल खेड़ा, देवड़ा, झाब, डीएस ढाणी, रणोदर स्टेशन, सिवाड़ा, परावा, मालियों का गोलिया करावड़ी, चौरा, हरियाली, डावल, सांचौर शहर सहित 50 गांवों के लोगों से मुलाकात और संवाद करेंगे।

---

**21 अप्रैल को गणेशपुरी धाम से निकाली जाएगी**

## श्रीराम शोभायात्रा का पोस्टर विमोचन

**बेधड़क** | जयपुर

श्रीराम जन्मोत्सव समिति, विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के साथ सनातन धर्मियों के संयुक्त प्रयास से इस बार 21 अप्रैल को चाकसू में भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

शोभायात्रा व भगवा वाहन रैली के पोस्टर का विमोचन सोमवार को प्राचीन सिद्ध पीठ गणेशपुरी धाम के महंत राजेंद्रपुरी महाराज ने तहसील चौराहा स्थित गणेश मंदिर और श्रीराम मंदिर में किया गया। इस मौके पर महाराज ने अपने आशीर्वचन में सभी युवाओं से भगवा वाहन रैली में शामिल होने का आह्वान किया। शोभायात्रा के लिए समिति ने मनोहर लाल जोशी को संयोजक, महावीर प्रसाद गुप्ता को सहसंयोजक और सुरेश गर्ग को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। दूसरी तरफ ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा ने पोस्टर का विमोचन करते हुए बताया कि कार्यकर्ताओं को अलग अलग दायित्व दिए जा चुके हैं। विहिप कार्यकर्ता केशव गौतम व पूर्व पार्षद पवन सांवरिया के अनुसार श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा एवं भगवा रैली प्राचीन श्रीचंपेश्वर महादेव मंदिर, सिद्धपीठ गणेशपुरी धाम से सुबह 9 बजे पूजा-अर्चना के बाद रवाना होगी। इसके बाद कोटखावदा चौराहा स्थित अम्बेडकर सर्किल, इंदिरा बाजार, मुख्य मार्केट, तहसील चौराहा, सब्जी मंडी, गांधी स्मारक रोड, फागी रोड से ज्योतिबा फुले सर्किल होते हुए नीलकंठ महादेव मंदिर पहुंचेगी।




यहां महाआरती के बाद कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन में विधायक रामावतार बैरवा सहित बड़ी संख्या में राम भक्त उपस्थित रहेंगे।

---

## शांतिपूर्ण चुनाव के लिए निकाला फ्लैग मार्च

**चाकसू।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर सोमवार को क्षेत्र में पुलिस जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला।

एसीपी सुरेंद्र सिंह व थाना प्रभारी कैलाश दान के नेतृत्व में फ्लैग मार्च पुलिस थाने से रवाना हुआ। इसके बाद सब्जी मंडी, मुख्य बाजार, इंद्रा बाजार, नेशनल हाइवे से भारी पुलिस लवाजमे के साथ गुजरा। थाना प्रभारी कैलाश दान ने बताया कि क्षेत्र में लाइसेंस वाले शस्त्रों को जमा कर लिया गया है। ऑपरेशन आग के तहत अवैध हथियारों के प्रति कार्रवाई कर उन्हें जब्त कियाग गया है। वहीं पुलिस की अपराधी तत्वों पर पैनी नजर है। इसके तहत बरखेड़ा टोल नाके पर बेरिकेड्स लगाकर संदिग्ध वाहनों की बारीकी से जांच की जा है। इसके पहले पुलिस सवेदनशील व अतिसवेदनशील मतदान केंद्रों का विजिट कर चुकी है।



---

**कांग्रेस प्रत्याशी चौपड़ा के समर्थन में कोटपूतली में जनसभा**

# जयपुर ग्रामीण में भाजपा की विदाई तय, जनता 'हाथ' के साथ: पायलट

**बेधड़क** | जयपुर/कोटपूतली

जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट पर अब कांग्रेस का परचम फहराना तय है और कोटपूतली की जनसभा में उमड़ी भीड़ ने इस पर मुहर भी लगा दी है। अब बदलाव होकर रहेगा और जयपुर ग्रामीण की जनता के लिए विकास के दरवाजे खुल जाएंगे।

ये कहना है पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पालट का। वे सोमवार को जयपुर ग्रामीण से कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौपड़ा की जनसभा को संबोधित करने के लिए कोटपूतली पहुंचे थे। कोटपूतली में उमड़े जनसैलाब से गदगद हुए पायलट ने इस केंद्र सरकार और भाजपा की नीतियों की पोल खोलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जनसैलाब को संबोधित करते हुए पायलट ने कहा कि केंद्र सरकार देश में 400 पार और राजस्थान में मिशन-25 का दावा कर रही है, लेकिन उनके मंसूबे पूरे होने वाले नही हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब केंद्र सरकार के खोखले दावों को समझ गई है और इस बार करारा जवाब देने का मन बना चुकी है। इस दौरान सचिन पायलट ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल से देश की जनता ने जिस उम्मीद को लेकर सरकार बनाई थी, वह जनता के साथ केवल और केवल छलावा कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि 400 पार कर रहे हैं तो कांग्रेस के नेताओं को क्यों ले जा रहे हैं। अपनी ताकत पर भरोसा और अपने 10 साल के रिपोर्ट कार्ड पर विश्वास है, तो कांग्रेस के नेताओं को क्यों डरा-धमका कर भारतीय जनता पार्टी में ले जाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की वाशिंग मशीन की ऐसी धुलाई है कि कितने भी काले कारनामे करा हुआ व्यक्ति बीजेपी में जाता है तो सफेदपोश हो जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को कमजोर करने के लिए कांग्रेस के खाते फ्रीज किए जा रहे हैं।



#### 10 साल के अन्याय का बदला लेगी जनता: चौपड़ा

जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चौपड़ा ने कहा कि बीते दस सालों में जयपुर ग्रामीण के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है, जिसका जवाब देने का वक्त आ गया है। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है और मैं युवाओं के लिए ही काम करूंगा। उन्होंने कहा कि अगर मैं जीत कर संसद भवन में गया तो केंद्र की अग्निवीर जैसी योजनाओं का पुरजोर विरोध करूंगा। चौपड़ा ने कहा कि लगातार पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का मार्गदर्शन मुझे मिला है, जिसका बहुत फायदा मिलेगा। मैं जयपुर ग्रामीण का ही रहने वाला हूं। यहां की पूरी परिस्थितियों को जानता हूं और मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगामी 19 तारीख को जयपुर ग्रामीण का युवा, किसान बढ़-चढ़ कर वोट देगा और एक नई सुबह का आगाज होगा।

#### कसाना सहित कई नेता कांग्रेस में शामिल

कोटपूतली की जनसभा में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट की मौजूदगी में कोटपूतली से आरएलपी के पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने बड़ी संख्या में आरएलपी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कसाना ने कहा कि आज देश में जो हालात बने हुए हैं और जिस तरह संविधान खत्म करने के प्रयास की जा रही है उससे सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही बचा सकती है। इसके साथ ही पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का ऑडियों भी जनसभा में सुनाया गया, जिसमें उन्होंने अनिल चौपड़ा को पूरा समर्थन देने का ऐलान किया है।

#### जनसभा में ये भी रहे मौजूद

जनसभा को कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा ने भी संबोधित किया। इस दौरान संगरिया विधायक अभिमन्यू पूनियां, विधायक प्रशांत शर्मा, फुलेरा विधायक विद्याधर चौधरी, शाहपुरा विधायक मनीष यादव, नीमका थाना विधायक सुरेश मोदी, पूर्व मंत्री शकुंतला रावत एवं एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ मौजूद रहे।

नवरात्रि

## अष्टमी देवी मां महागौरी



**चैत्र** नवरात्रि के आठवें दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा करने का विधान है। इस दिन को महाष्टमी भी कहा जाता है। इस दिन मां महागौरी की पूजा करने के साथ कन्या पूजन करने का विधान है। मान्यता है कि भगवान शिव के वरदान से देवी को अति गौर वर्ण प्राप्त हुआ। मां महागौरी की विधिवत पूजा करने से सुख-समृद्धि, धन-संपदा के साथ लंबी आयु का वरदान मिलता है। सबसे पहले कलश की पूजा करने के साथ मां दुर्गा की पूजा करें। उन्हें पीले फूल, माला, सिंदूर, कुमकुम, अक्षत, मिठाई और नारियल चढ़ाएं। घी का दीपक जलाकर दुर्गा चालीसा, महागौरी मंत्र का पाठ करें।

चुनाव आयोग की रिपोर्ट में खुलासा, 43 दिन में 778 करोड़ कीमत लुभावनी वस्तुएं पकड़ी

# मतदाता का मन डोलाने में हमारे 'भावी नेता' देश में अव्वल

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनावों के प्रचार में मतदाता को अपने पक्ष में करने के प्रयासों की बात करें तो राजस्थान से चुनाव लड़ रही पार्टियां और उनके प्रत्याशी देश में सबसे आगे हैं। यह खुलासा चुनाव आयोग की ओर से जारी एक रिपोर्ट में किया गया है।

चुनाव आयोग की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि आचार संहिता लगने से पहले देशभर में करीब 4 हजार 658 करोड़ रुपए से ज्यादा की ऐसी चीजें पकड़ी गई हैं, जिससे चुनाव को प्रभावित किया जा सके। इनमें सबसे ज्यादा 778.52 करोड़ रुपए मूल्य की वस्तुएं राजस्थान में पकड़ी गई हैं।

देशभर के सभी राज्यों में 1 मार्च से 13 अप्रैल तक पकड़ी गई इन चीजों में सर्वाधिक कीमत का ड्रग या नशीली चीजें हैं। देशभर में पिछले 43 दिन के अंदर 2068 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की नशीले पदार्थ (अफीम, गांजा, डोडा, स्मैक या नशे में उपयोग आने वाले अन्य पदार्थ) पकड़े गए हैं। वहीं, 1142 करोड़ रुपए से ज्यादा की ऐसी सामग्री बरामद की है, जिसे देकर वोटर को लुभाया जा सके।




### 119 करोड़ की ड्रग राजस्थान में पकड़ी

राजस्थान में 43 दिनों के अंदर 119.37 करोड़ की ड्रग पकड़ी जा चुकी है। इसके साथ ही 533 करोड़ रुपए से ज्यादा की ऐसी सामाग्री भी पकड़ी है, जिससे वोटिंग के दौरान या उससे पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए बांटा जाना था। इसमें साड़ियां, सिलाई की मशीन या अन्य सामाग्री शामिल हैं। इसके अलावा 49.21 करोड़ की कीमत के सोना-चांदी व अन्य धातु और 35.85 करोड़ रुपए का कैश बरामद किया जा चुका है।

### शराब बरामदगी में देश में दूसरे नंबर पर हम

राजस्थान में चुनाव आचार संहिता के दौरान सर्वाधिक शराब बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत 40.78 करोड़ रुपए से ज्यादा है। पूरे प्रदेश में पुलिस, आबकारी और दूसरी एजेंसियों ने करीब 37.98 लाख लीटर शराब जब्त की है। राजस्थान में शराब के मामले में देश में दूसरे नंबर पर है, जबकि पहले नंबर पर कर्नाटक है, जहां पिछले 43 दिन के अंदर 1.30 करोड़ लीटर से भी ज्यादा शराब पकड़ी जा चुकी है, जिसकी मार्केट वैल्यू 124 करोड़ रुपए है।

RHB साइट ब्लॉक होने से 9 शहरों में स्कीमों के आवेदन अटके

# तकनीकी खराबी ने बढ़ाई टेंशन नहीं कर पा रहे घर की 'डिमांड'

## कम आवेदन आए उन स्कीमों में फार्म भरने की तिथि बढ़ाई

बेधड़क | जयपुर


हाउसिंग बोर्ड की स्कीम में घर लेने का सपना पाले बैठे लोगों के लिए बोर्ड की वेबसाइट में आई तकनीकी खराबी बाधा बन गई है। इसके चलते लोग रजिस्ट्रेशन नहीं कर पा रहे हैं। साथ ही हेल्पलाइन नंबरों पर इनकमिंग कॉल की फेसिलिटी बंद होना, कोढ़ में खाज का काम कर रहा है। इसके कारण वे अपनी परेशानी बोर्ड तक पहुंचा भी नहीं पा रहे हैं।

दरअसल, राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने 15 मार्च को 9 शहरों में 3001 मकानों की 10 से ज्यादा आवासीय स्कीमें निकाली हैं, जिनके लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। इसके लिए आवेदन की आखिरी तारीख 15 अप्रैल रखी थी, लेकिन पिछले एक सप्ताह से वेबसाइट में तकनीकी खराबी के चलते लोग आवेदन से वंचित रह रहे हैं। इधर बोर्ड प्रशासन ने आदेश जारी कर उन योजनाओं के आवेदन की तारीख को एक महीने यानी 15 मई तक बढ़ा दिया है, जिनमें आवेदन की संख्या आवासों की संख्या से भी कम आई है। इसमें नागौर, हनुमानगढ़, धौलपुर, भिवाड़ी, किशनगढ़ के अलावा जयपुर की प्रताप नगर स्कीम शामिल है।




### नहीं जा पा रहे वैरिफिकेशन लिंक

हाउसिंग बोर्ड अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण आवेदकों के रजिस्टर्ड ई-मेल पर वैरिफिकेशन के लिंक नहीं जा रहे। इस कारण आवेदक फॉर्म भरने की आगे की प्रक्रिया नहीं कर पा रहे।



### हेल्प के लिए दिए नंबरों पर नहीं लग रही कॉल

बोर्ड प्रशासन ने इन योजनाओं में आवेदन संबंधी जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए थे। इसमें आईटी सेल से संबंधित परेशानी होने पर 9461054292, 9461054319 नंबर जारी किए, ताकि लोग कॉल करके पूछ सके। इन दोनो में से पहले नंबर पर इनकमिंग की सुविधा ही नहीं है, जबकि दूसरे नंबर लम्बे समय से बंद यानी स्विच ऑफ किया हुआ है। अब आवेदक परेशान हो रहे है, क्योंकि उनके आवेदन नहीं हो रहे।

### इन योजनाओं में फार्म भरने की अवधि बढ़ाई

- किशनगढ़ में खोडा गणेश रोड पर एमआईजी 'अ' के 38, एमआईजी 'ब' 66 और एचआईजी के 38 मकान बनाए जाएंगे।
- हनुमानगढ़ में डीटीओ ऑफिस के पास के नई आवासीय योजना में ईडब्ल्यूएस के 180, एलआईजी के 264 और एमआईजी 'अ' के 120 मकान बनाए जाएंगे।
- भिवाड़ी के सेक्टर 4 और 7 में एमआईजी 'ब' के 6 और एचआईजी के 12 मकान बनाए जाएंगे।
- धौलपुर के बाड़ी रोड पर स्थित योजना में एचआईजी के 25 मकान मकान बनाए जाएंगे।
- नागौर के तुषार रोड स्थित योजना में ईडब्ल्यूएस के 58, एलआईजी में 48, एमआईजी 'अ' के 58, एमआईजी 'ब' के 24 के मकान बनाए जाएंगे।
- ग्रीनवुड होरिजोन सेक्टर 28 प्रताप नगर सांगानेर में 336 एचआईजी के फ्लैट्स की स्कीम।

कल करेंगे भूख हड़ताल

# रेल डाक सेवा कार्यालय बंद करने के विरोध में धरना



बेधड़क | जयपुर

डाक विभाग की ओर से हाल ही में राजस्थान परिमंडल के झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चुरू, चितौड़गढ़ व भीलवाड़ा रेल डाक सेवा छंटाई कार्यालयों के बंद करने का निर्णय लिया गया है। इसको लेकर रेल डाककर्मियों में डाक प्रशासन के खिलाफ गहरी नाराजगी है।

विभाग के इस निर्णय पर पुनर्विचार करने के लिए रेल डाक कर्मियों की संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले दो बार ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसको लेकर सोमवार को समिति की ओर से बारिया हाउस रेल डाक सेवा 'जेपी' मंडल कार्यालय के सामने धरना दिया गया। इसके बाद प्रस्ताव पारित चीफ पोस्टमास्टर जनरल वीके गुप्ता के नाम ज्ञापन दिया गया।

इसमें कहा गया कि इन मुद्दों का कोई हल नहीं निकाला गया तो 17 अप्रैल को सांकेतिक भूख हड़ताल की जाएगी। ज्ञापन में समिति अध्यक्ष बलराम शर्मा और सचिव बीके अवस्था ने बताया कि परिमंडल प्रशासन द्वारा झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चुरू, चितौड़गढ़ व भीलवाड़ा रेल डाक सेवा छंटाई कार्यालयों के बंद करने के कारण होने वाली मेल की बेक रूटिंग से जनता तक डाक गंतव्य विलंब से पहुंचेगी। वहीं मेल बिजनेस की आमदनी में भी गिरावट आएगी।

## सलमान पर हमले को लेकर जयपुर में पूछताछ

**जयपुर।** मुंबई में बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग के मामले में मुंबई एटीएस के चार सीनियर ऑफिसर की टीम ने सोडाला थाने में बंद लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे रितिक बॉक्सर से सोमवार को पूछताछ की। फायरिंग करने वाले बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाने के लिए मुंबई एटीएस की टीमें अलग-अलग राज्यों में पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया- रितिक बॉक्सर को एक व्यापारी को जान से मारने की धमकी मामले में 11 अप्रैल को अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर जयपुर लाए थे। सुरक्षा के लिहाज से उसे सोडाला थाने में रखा गया है। मुंबई एटीएस की टीम सलमान खान के घर पर फायरिंग के मामले की जांच कर रही है। मुंबई एटीएस की टीम के रडार में रितिक बॉक्सर, रोहित राठौड़ और नितिन फौजी थे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

मई तक कंपनियों ने घटाया किराया

# मुंबई-पुणे की हवाई यात्रा सस्ती

बेधड़क | जयपुर

हवाई यात्रा करने वाले लोगों के लिए एयरलाइंस कंपनियों की ओर से अच्छी खबर है। कंपनियों ने पर्यटकों की संख्या में कमी होने और हवाई यात्रियों (फ्रिक्वेंट फ्लायर) की संख्या में कमी आने से किराया घटा दिया है।

एयरपोर्ट के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार इन दिनों हवाई यात्रा करने वाले पर्यटकों की संख्या कम है, क्योंकि प्रदेश में पर्यटन सीजन मार्च तक रहता है। इसके साथ ही कुछ शहरों के लिए व्यापार या पढ़ाई के सिलसिले में यात्रा करने वाले भी कम हुए हैं। इस कारण एयरलाइंस ने कई शहरों के लिए हवाई किराये की दरों में कटौती की है। जयपुर से मुंबई का किराया 4245 रुपए है।

हालांकि ऑन दी स्पॉट बुकिंग में किराया बढ़ जाता है। इसी तरह पुणे के लिए किराया 4489, जयपुर से अहमदाबाद का 4022 रुपए, जयपुर से दिल्ली का 2321 रुपए, जयपुर से उदयपुर का 3768 रुपए, जयपुर से जोधपुर का 3435 रुपए और जयपुर से हैदराबाद का किराया 5119 रुपए किया गया है। जानकारों की मानें तो लोकसभा चुनाव के चलते लगी आचार संहिता भी इसकी एक प्रमुख वजह है। जयपुर से मुंबई, अहमदाबाद, हैदराबाद, पुणे आदि शहरों के लिए हवाई किराए की दरों में कमी आई है। वहीं, बड़ी बात ये है कि दिल्ली के लिए भी हवाई किराए में कमी आई है।

अखिल भारतीय संत समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# राजधानी में लगे भगवा झंडे उतारने का विरोध

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में लगे भगवा झंडे हटाने का विरोध शुरू हो गया है। इस मामले में सोमवार को अखिल भारतीय संत समिति की ओर से एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया, जिसमें रामनवमी से पहले शहर में वापस भगवा झंडे और पताका लगाने की मांग की गई है।



विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कलेक्टर से मिलकर जयपुर शहर से रातों-रात भगवा ध्वज उतारने को लेकर नाराजगी जताई। विधायक ने इस संबंध में अखिल भारतीय संत समिति की ओर से एक ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। विधायक ने आरोप लगाया- कांग्रेस की शिकायत के बाद निगम ने रातों-रात भगवा ध्वज उतार दिए। उन्होंने कहा- हर साल रामनवमी के अवसर पर जुलूस निकाला जाता है। इस जुलूस को देखते हुए शहर में घरों और दुकानों पर भगवा ध्वज लगाए गए थे। हमें पता चला कि कलेक्टर के कहने पर यह भगवा ध्वज हटाए गए। वहीं, इस मामले पर जब कलेक्टर से विधायक ने बात की तो कलेक्टर ने इस बात से इनकार किया कि प्रशासन के कहने से भगवा ध्वज हटाए गए। विधायक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की शिकायत के बाद नगर निगम ने पूरे शहर से भगवा ध्वज हटा दिए।

राजभवन में हिमाचल प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया

# हिमाचल भारत की वैदिक संस्कृति का संवाहक प्रदेश: कलराज मिश्र

बेधड़क | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि हिमाचल भारत की वैदिक संस्कृति का संवाहक प्रदेश है। राज्यपाल सोमवार को राजभवन में आयोजित हिमाचल राज्य के स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने हिमाचल राज्य के लोगों से संवाद कर उन्हें स्थापना दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने हिमाचल से जुड़े हिमालय पर्वत और वहां तप करने वाले ऋषि-मुनियों की परम्परा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पावन और पवित्र भूमि है। उन्होंने हिमाचल के बर्फीले पहाड़, नदियों, झरनों और हरीतिमा से आच्छादित प्राकृतिक वातावरण की चर्चा करते हुए कहा कि तीर्थाटन से पर्यटन की भारतीय संस्कृति मूलतः हिमाचल से ही आगे बढ़ी है।




### एकता और समन्वय से ही सशक्त होगा भारत

राज्यपाल ने हिमाचल को भारत का भाल बताते हुए कहा कि राज्यों के स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भारतीय संस्कृति को हम एक स्थान पर साकार रूप में अनुभव कर सकें। उन्होंने राष्ट्रीय एकता और एकात्मकता को सशक्त करने के लिए भी कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संविधान की उद्देशिका 'हम भारत के लोग' से प्रारंभ होती है। यह सामाजिक एकता के हमारे सामूहिक भाव की सूचक है। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों की एकता और समन्वय से ही भारत सशक्त होगा। इसी भाव से राज्यों के स्थापना दिवस मनाने की राजभवन में पहल की गई है।

### संविधान के मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया

इससे पहले हिमाचल प्रदेश के लोक कलाकारों ने 'जीणा कांगड़े दा' समूह लोक गीत और एकल लोक गीत की हारमोनियम प्रस्तुति से उपस्थित जनों को पहाड़ों के सौंदर्य की अनुभूति कराते भाव से विभोर किया। हिमाचल के स्थानीय लोगों ने राज्यपाल का अभिनंदन करते हुए उनका आभार भी जताया। राज्यपाल ने इससे पहले संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव श्री गौरव गोयल और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंद राम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

**जरूरी खबर**

## बालक की मौत पर अस्पताल में परिजनों का हंगामा



**बूंदी।** जिले के देई अस्पताल में एक 5 साल के बालक की मौत के बाद हंगामा हो गया। परिजनों ने समय पर ऑक्सीजन सपोर्ट नहीं मिलने से बालक की मौत होने का आरोप लगाया है। सोमवार को परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल के सामने नारेबाजी की। उनका आरोप है कि बिजली गुल होने पर जनरेटर को चालू करना था, लेकिन उसमें डीजल नहीं होने से वो चालू नहीं हो पाया। ऑक्सीजन सपोर्ट नहीं मिल पाने से बच्चे की मौत हो गई। उधर सीएमएचओ ओपी शर्मा ने बताया कि मामले में संबंधित डॉक्टर और स्टाफ के बयान लेकर इनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। परिजनों की ओर से लगाए जा रहे आरोपों की भी जांच की जाएगी।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी पैरोल से फरार

**अजमेर।** केंद्रीय कारागार में सजायाफ्ता कैदी पैरोल से फरार हो गया। आरोपी ने 13 साल की नाबालिग बच्ची को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी सांवरलाल केकड़ी के जयपुर रोड स्थित पोकी नाड़ी का निवासी है। वह 2 जून, 2023 से केंद्रीय कारागार में सजा काट रहा था। कैदी को जोधपुर हाईकोर्ट के आदेश पर 30 मार्च, 2024 को आपात पैरोल के तहत 15 दिन के लिए रिहा किया गया था। 13 अप्रैल, 2024 को उसकी पैरोल की अवधि समाप्त हो गई। बावजूद इसके वो जेल नहीं लौटा।

## जलसंकट से त्रस्त महिलाओं ने जताया विरोध



**अलवर।** पानी की समस्या से परेशान शहर के वार्ड-13 की महिलाओं ने सोमवार को त्रिपोलिया महादेव मंदिर के पास विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं का कहना था कि मुंशी बाजार, बरेठिया पहाड़ी और तिवारी का कुआं इलाके में पानी की काफी समस्या है। अधिकारी परेशानी सुनने को तैयार नहीं हैं। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी कि यदि ऐसा ही रहा तो आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। क्षेत्रवासी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि बोरिंग का काम काफी दिनों से रुका हुआ है। इस दौरान एक बैनर लगा था, जिस पर लिखा था कि 'पानी नहीं तो वोट नहीं'।

### भीलवाड़ा व सवाईमाधोपुर में राजपूत समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर भाजपा को वोट नहीं देने का लिया संकल्प

# गुजरात के BJP नेता के बयान के विरोध में बढ़ रहा आक्रोश

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

गुजरात के राजकोट से भाजपा प्रत्याशी पुरषोत्तम रुपाला के राजपूत समाज को लेकर दिए कथित बयान का देशभर में विरोध बढता जा रहा है। इससे लोकसभा चुनाव में भाजपा की मुश्किलें बढ़ सकती है।

राजस्थान में भी भाजपा के नेता के बयान का विरोध थमता नहीं दिख रहा। समाज के लोग लगातार भाजपा के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार को भीलवाड़ा में राजपूत समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान समाजबंधुओं ने भाजपा को वोट नहीं करने की शपथ भी ली। इसी प्रकार श्री राजपूत करणी सेना के नेतृत्व में सवाईमाधोपुर में भी भाजपा नेता रूपाला के खिलाफ प्रदर्शन हुए। करणी सेना के जिलाध्यक्ष बबलूसिंह (ठुमिया) ने बताया कि शहर के पांसल चौराहा के महाराणा प्रताप प्रतिमा पर राजपूत समाज के लोग एकत्र हुए और पुरषोत्तम रुपाला के विरोध में प्रदर्शन किया। रुपाला का पुतला दहन भी किया। इस दौरान समाजबंधुओं ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट नहीं देने का आह्वान किया।



### इतिहास से हो रही छेड़छाड़

राजपूत समाज के बबलू सिंह ने कहा कि इतिहास के साथ छेड़छाड़ हो रही है। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा में पूर्व विधायक ने हमें यहां पर अष्टधातु की महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने का आश्वासन दिया था, लेकिन वह वादा भी आज तक पूरा नहीं हुआ। अब हम गुजरात के भाजपा नेता रुपाला के बयान की निंदा करते हुए भाजपा को वोट नहीं देने की अपील समाजबंधुओं से कर रहे हैं। बता दें कि इससे पहले भी इस मुद्दे को लेकर राजस्थान के कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन किया जा चुका है। रूपाला के बयान को लेकर राजस्थान के चित्तौड़गढ़, अजमेर सहित कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हो चुके हैं।

### हम्मीर सर्किल पर की नारेबाजी

गुजरात के पुरुषोत्तम रुपाला के खिलाफ सवाई माधोपुर में भी श्री राजपूत करणी सेना के कार्यक्रताओं ने हम्मीर सर्किल पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और रुपाला का पुतला फूंका। श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय महासचिव दिलीप सिंह खिजुरी ने बताया कि राजकोट गुजरात से पशुधन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने लोगों को लुभाने के लिए राजपूत समाज की महिलाओं को लेकर गलत टिप्पणी की है, जो बिल्कुल गलत है। इसे लेकर राजपूत समाज में आक्रोश है। राजपूत समाज के लोगों ने मांग की है कि रूपाला का टिकट काट कर बहिष्कार किया जाए। खिजूरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसा नहीं करती है तो पूरे देश का राजपूत समाज भारतीय जनता पार्टी को बायकॉट करेगा।

### पूर्व CM राजे ने घोषण पत्र को बताया पीएम मोदी का गारंटी कार्ड

# BJP सिर्फ वादे ही नहीं करती, बल्कि उन्हें पूरा भी करती है

**बेधड़क** | झालावाड़

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने सोमवार को झालावाड़ में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी का गारंटी कार्ड बताया। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ वादा ही नहीं करती, वादों को सौ प्रतिशत पूरा करने वाली पार्टी है। उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र को GYAN पर आधारित बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र G-गरीब ,Y-युवा, A-अन्नदाता, N-नारी के लिए बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि देश में कोरोना काल से संकल्प पत्र की तैयारी शुरू हुई। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्रो पर 80 प्रतिशत डिस्काउंट की दवाई मिलती रहेगी। मोदी सरकार के अगले टर्म में 3 करोड़ और नये पीएम आवास बनाने का संकल्प लिया गया है। वहीं आगामी दिनों में पीएम सूर्य घर योजना के तहत ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम होगा। केंद्र सरकार मुद्रा योजना की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने जा रही है। उन्होंने कहा कि स्वनिधि योजना में 50 हजार की लिमिट को भी बढ़ाया जाएगा और इसे शहरों से छोटे कस्बों और गांवों तक ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ही ट्रांसजेंडर को पहचान देने का काम किया है। श्री अन्न योजना पर फोकस किया जाएगा। इससे मोटा अनाज पैदा करने वाले 2 करोड़ से ज्यादा छोटे किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में 1 करोड़ लखपति दीदी बनी हैं। उन्हें 3 करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।



### इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में तजी से होगा काम

इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सोशल, फिजिकल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देगी। सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर में नई यूनिवर्सिटी, नए मेडिकल कॉलेज और आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले जाएंगे। वहीं देश के कोने-कोने तक वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हमारी सरकार ग्रीन एनर्जी और एनर्जी में आत्मनिर्भरता के लिए काम कर रही है। पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने, ग्रीन हाइड्रोजन रिनेयुवल एनर्जी, गोबर धन एवं बायोफ्यूल आदि पर तेजी से काम होगा।

### युवाओं को मिलेंगे बड़े अवसर


राजे ने कहा कि आने वाला समय युवाओं के लिए बड़े अवसर वाला होगा। रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफार्म, गुड डीजिटल और डाटा गवर्नेंस के लिए देश में आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर इकोसिस्टम तैयार किया जाएगा। राजे ने कहा कि भाजपा की भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी। भ्रष्टाचारियों पर निरंतर सख्त कार्रवाई होती रहेगी, यह मोदी की गारंटी है।

### सेनाओं की बढ़ाई जाएगी क्षमता

पूर्व सीएम राजे ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र पर 4 जून के बाद परिणाम आते ही काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि देश ने चंद्रयान की सफलता देखी। अब हम गगन यान का गौरव अनुभव करेंगे। आंतकवाद के खिलाफ जीरों टोलरेंस, सीमाओं पर मजबूत आधारभूत ढांचा, नक्सली गतिविधियों को खत्म करना और सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश मे हम न्याय सहिंता लागू करेंगे, नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे, भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। रोजगार के अवसर पैदा करेंगे और निर्यात को बढ़ावा देंगे।

### पूर्व सीएम गहलोत ने बताया खाना पूर्ति

# भाजपा के मेनोफेस्टो में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार की चर्चा नहीं



**बेधड़क** | अलवर

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के रोड शो में शामिल होने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अलवर पहुंचे। इस दौरान एक होटल में उन्होंने सैनी समाज के नेताओं से चुनावी चर्चा की। उन्होंने समाज के नेताओं से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव के पक्ष में वोट करने की अपील की। इसके बाद पूर्व सीएम गहलोत मीडिया से मुखातिब हुए।

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा ने मेनिफेस्टो के नाम पर लोगों से मजाक किया है। मेनिफेस्टो नहीं यह खाना पूर्ति है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के पास पैसे की कमी नहीं है। वो पैसे का दुरुपयोग कर रहे हैं और जमकर चुनाव में पैसा खर्च किया जा रहा है। बीजेपी के मेनिफेस्टो में देश को न दिशा दी, न दशा दी। वहीं महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर कोई बात नहीं की गई। जनता का क्या दर्द है, क्या दुख है, उस पर भी कोई बात नहीं की गई।

उन्होंने कहा कि देश के दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल दिया गया। ये लोग ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई का दुरुपयोग कर रहे हैं। गहलोत ने कहा कि कांग्रेस के चुनाव खाते सीज कर दिए गए। इसमें अमेरिका, जर्मनी जैसे देशों को दखल करनी पड़ रही है। अब लोगों को चिंता है कि आगे चुनाव होंगे या नहीं। प्रियंका के रोड शो में कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मुखबिर की सूचना पर नारकोटिक्स टीम ने की कार्रवाई

# 11 किलो अफीम जब्त, कीमत 30 लाख

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

लोकसभा चुनाव से पूर्व अपराधी तत्वों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में नारकोटिक्स ब्यूरों की टीम ने छोटी सादड़ी मार्ग पर कार्रवाई करते हुए एक बाइक सवार से बड़ी मात्र में अफीम जब्त की।

तस्कर प्रतापगढ़ से अफीम लेकर निंबाहेड़ा में सप्लाई करने जा रहा था। रास्ते में वह छोटी सादड़ी मार्ग पर नारकोटिक्स ब्यूरो टीम के हत्थे चढ़ गया। उसके पास से 11 किलो 150 ग्राम अफीम जब्त की गई। इसकी ब्लैक मार्केट में कीमत करीब 30 लाख रुपए बताई गई है। केंद्रीय कंट्रोल नारकोटिक्स ब्यूरो की चित्तौड़गढ़ शाखा के निवारक एवं आसूचना प्रकोष्ठ (सीबीएन) के अधीक्षक सी प्रसाद ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अफीम लेकर प्रतापगढ़ से निंबाहेड़ा की ओर जा रहा है। उसके बताए हुलिए और बाइक नंबर के आधार पर टीम ने नरसिंहगढ़ बस स्टॉप पर बाइक को रोका। टीम को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सीबीएन की टीम ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रतापगढ़ निवासी निरंजन (41) बताया। बाइक की टंकी पर एक कट्टा था, जिसे खोलने पर पांच थैलियां पाई गई, जिनमें अफीम भरी थी।

### नेटवर्क को लेकर हो रही पूछताछ

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह प्रतापगढ़ से अफीम लेकर निंबाहेड़ा में सप्लाई करने जा रहा था। उसकी बाइक भी एमपी पासिंग है। आरोपी यह अफीम कहां से लाया और निंबाहेड़ा में कहां पर सप्लाई दी जानी थी? इस बारे में उससे पूछताछ की जा रही है। इस पूरे मामले में कोई बड़ा रैकेट भी शामिल हो सकता है। ऐसे में उसे कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जाएगा।

### लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक कराने की कवायद के तहत कार्रवाई

# 28 बदमाशों को दबोचा, 46 हथियार बरामद

**बेधड़क** | धौलपुर

लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, निर्भीक एवं शांतिपूर्वक से कराने के लिए भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देश में बदमाशों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।



इसके अंतर्गत पुलिस ने एक महीने में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए इनामी बदमाश, शराब तस्कर एवं खनन माफियाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने 28 इनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर 46 अवैध हथियारों को बरामद किया है। इनमें देसी तमंचा, पिस्टल एवं बंदूक भी शामिल हैं। इसके अलावा पुलिस ने 149 जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। वहीं शराब माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 71 आरोपियों को गिरफ्तार कर 5765 देशी शराब के पव्वे और 122 अंग्रेजी शराब की बोतल बरामद की है। अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई में 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 24 वाहनों को जब्त कर 86 टन प्रतिबंधित चंबल बजरी को भी बरामद किया गया है। सूचना पर फैक्ट्री एवं मैरिज गार्डन से 17 बाल श्रमिक भी मुक्त कराए हैं। इसके अलावा पुलिस ने साइबर ठगी की बड़ी गैंग का पर्दाफाश कर 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी तादाद में मोबाइल, लैपटॉप, सिम कार्ड, आधार कार्ड, चेक बुक, पासबुक भी बरामद की है। पुलिस ने चोरी के चार वाहनों को भी जब्त किया है।

### शादी समारोह से लौटते समय हादसा, दो घायल

# बेकाबू हुई कार पलटियां खाते हुए दीवार से टकराई, तीन युवकों की मौत

**बेधड़क** | हनुमानगढ़

जिले के पीलीबंगा थाना क्षेत्र के लखूवाली के पास रविवार शाम दर्दनाक हादसे में तीन युवकों की जान चली गई। वहीं, दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार हनुमानगढ़ में शादी समारोह से लौट रहे युवकों की कार बेकाबू होकर पलटी खाते हुए दीवार से जा टकराई।

हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे का कारण ओवर स्पीड माना जा रहा है। घायलों को हनुमानगढ़ फिर श्रीगंगानगार रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि स्विफ्ट डिजायर कार RJ 31 CC 3971 सवार पांच युवक अनूपगढ़ जिले के रावला मंडी कस्बे से किसी शादी समारोह में शामिल होकर वापस पीलीबंगा लौट रहे थे। इसी दौरान पीलीबंगा के लखूवाली के पास कार बेकाबू होकर पलटी खाती हुई सड़क की दूसरी ओर दीवार से जा टकराई। हादसे के बाद राहगीर और मौके पर मौजूद लोग घायलों की मदद के लिए दौड़े। स्थानीय लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी।



### मृतक और घायलों की हुई पहचान

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हादसे में नवीन (22) पुत्र तुलसीराम शर्मा, निवासी वार्ड-22 पीलीबंगा और विकास (21) पुत्र साहब राम मेघवाल निवासी 50 एल.एन.पी. घमूड़वाली की मौके पर ही मौत हो गई। घायल संजय (29) पुत्र महेन्द्र छिपा, निवासी वार्ड-12 पीलीबंगा की हनुमानगढ़ जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, गंभीर घायल ड्राइवर सुरेन्द्र (24) पुत्र बलराम मेघवाल निवासी वार्ड-35 का श्रीगंगानगर के एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं मांगीलाल (21) पुत्र टेकचंद सुथार को हल्की चोटें आई हैं।

### विपरीत दिशा में जाकर पलटी कार

पीलीबंगा पुलिस के अनुसार ओवर स्पीड कार सड़क पर बने जंप पर बेकाबू हो गई और पलटी खाती हुई सड़क के दूसरी ओर बनी दीवार से जा टकराई। पुलिस ने मृतकों के पोस्टमॉर्टम कराकर शव उनके परिजनों को सौंप दिए। जानकारी में सामने आया है कि युवक पीलीबंगा मंडी से कार किराए पर लेकर गए थे। गाड़ी मालिक ने ड्राइवर नहीं होने की बात कही तो युवकों ने कहा कि कार हमें दे दो, हम खुद चला लेंगे। इसके चलते हादसे के वक्त किराए की गाड़ी को सुरेंद्र चला रहा था। वह श्रीगंगानगर के निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। उसकी हालात भी गंभीर बताई जा रही है।

### टायर फटने से कंटेनर से भिड़ी कार, 3 की गई जान

**भीलवाड़ा।** जिले के गुलाबपुरा थाना क्षेत्र से गुजरने वाले दिल्ली-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलती कार का टायर फटने से बड़ा हादसा हो गया। टायर फटने के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और एक महिला घायल हुई है। सूचना मिलते ही गुलाबपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शव को गुलाबपुरा सामुदायिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। गुलाबपुरा थाने के सहायक उपनिरीक्षक सुंडाराम ने बताया कि थाना क्षेत्र से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर रूपाहेली चौराहे के पास एक चलती कार का टायर बर्स्ट होने के बाद कार असंतुलित हो गई। इसके बाद कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से भिड़ गई। इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हुई है। एक महिला इस हादसे में घायल हुई है, जिसे गुलाबपुरा सामुदायिक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया है।

### मृतकों की नहीं हुई पहचान

सहायक उपनिरीक्षक सुंडाराम ने बताया कि सड़क हादसे में कार सवाल तीनों मृतक युवकों की अभी तक पहचान नहीं हुई है। पुलिस गाड़ी नंबर के आधार पर पहचान करने का प्रयास कर रही है। हादसे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया था। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर राजमार्ग पर यातायात सुचारु करवा दिया है।

**राजस्थान विवि में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के समापन पर साइबर क्राइम डीजीपी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने कहा...**

# बाबा साहेब चाहते थे कि समाज के सभी वर्गों को मिले समान अवसर

### 250 से अधिक शोध पत्रों का किया समावेशी वाचन

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के डॉ. अंबेडकर अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 'डॉ. अंबेडकर समतावादी वैश्विक व्यवस्था के अग्रदूत' समापन किया गया। सोमवार को सेमिनार के आखिरी दिन पांचवें और छठें सत्र में समता मूलक समाज और इस परिप्रेक्ष्य में श्रमिक वर्ग की लोकतंत्र में सहभागिता, स्त्री का राजनीतिक आधार और लोकतंत्र पर शानदार पत्र वाचन हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सेमिनार समन्वयक व अंबेडकर अध्ययन केंद्र की निदेशक डॉ. सुमन मौर्य की ओर से सेमिनार के प्रतिभागियों की प्रारंभिक जानकारी देने के साथ की गई। सह समन्वयक डॉ. शालिनी चतुर्वेदी तथा आयोजन सचिव डॉ. पाल जोशी ने कार्यक्रम बेहत प्रबंधन संभाले रखा।



सेमिनार के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा डीजीपी अपराध ने डॉक्टर अंबेडकर को संविधान का सबसे बड़ा उन्नयन कर्ता बताया तथा कहा कि उनके किए सामाजिक संघर्ष का सबसे बड़ा उद्देश्य उपेक्षित और वंचित वर्ग पर होने वाले अत्याचारों व अमानवीय व्यवहार को खत्म करना था । बाबा साहब चाहते थे कि समाज के सभी वर्गो का सभी क्षेत्रों में समान स्थान होना चाहिए और सभी वर्ग के लोगों को जीवन में आगे बढ़ने के समान अवसर दिए जाए। पूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉ. बी एम शर्मा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक सामंजस्य स्थापित करने में अभिन्न योगदान है। आज की युवा पीढ़ी के लिए बाबा साहब सदैव प्रेरणा स्त्रोत है, इसलिए आवश्यक है कि भीमराव अंबेडकर की महत्ता स्थापित करने के लिए अध्ययन-अध्यापन की पीठ स्थापित हो। इससे भीमराव अंबेडकर के विचारों पर अधिकाधिक शोध कार्य हो। अंबेडकर साहेब का तो जीवन ही जीने का नजरिया है और सामाजिक आर्थिक राजनैतिक अभ्युत्थान में समावेशी प्रयास ही सार्थक है। वहीं कर्म प्रिया मस्कट स्वीडन स्टाक ह्युमन ने अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षा, स्त्री, तलाक उत्तराधिकार संदर्भ में अंबेडकर के विचारों पर के बारे में बताया। पांचवें पांचवें सत्र में धन्यवाद डॉ. शालिनी चतुर्वेदी ने दिया।


### संविधान के निर्माण में अंबेडकर का अतुलनीय योगदान : दिनेश गहलोत

सेमिनार के छठें सत्र में भीमराव अंबेडकर के संवैधानिक कृतित्व को बारे में बताते हुए मुख्य वक्ता जयनारायण व्यास विवि जोधपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दिनेश गहलोत ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माण में डॉ. अंबेडकर की अतुलनीय योगदान है। इस दौरान गहलोत ने संवैधानिक विकास के संदर्भ में आई भ्रांतियो पर तार्किक विवेचन किया। इसी कड़ी में डॉ अर्पणा सहाय ने भीमराव अंबेडकर के आर्थिक विचारों का तार्किक विवेचन करते हुए भुमिहीन कास्तकार और श्रमिकों के अधिकार और कर्तव्य और लोकतंत्र मे इनके अस्तित्व के संदर्भ में गरीबी बेरोजगारी की तार्किक विवेचना की। अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के दो दिनों में चयनित 150 शोध पत्रों जिनमे विशेष विदेशी वक्ताओं में प्रोफेसर डॉक्टर अरोरा मार्टिन आदि विदेश वक्ताओं ने भी व्याख्यान दिए।

---

## Yuva स्टोरीज

### वर्कशॉप में स्टूडेंट्स ने ली बुलीइंग के विरोध में शपथ



**जयपुर** | राजधानी के महाराजा सवाई मानसिंह स्कूल में सोमवार को एम.पी. हॉल में लाइफ स्किल पर एक दिवसीय वर्कशॉप आयोजन किया गया। 'बडी नॉट ए बुली' विषय पर आयोजित इस सत्र में क्लास 7 के स्टूडेंट्स शामिल हुए । कार्यक्रम की शुरुआत बुलीइंग के अर्थ और प्रभाव से हुई, जो सभी उम्र के स्टूडेंट्स को प्रभावित करती है, जिससे भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक नुकसान होता है। इस सत्र में स्कूल टीचर्स द्वारा विभिन्न प्रकार की बुलीइंग यानी शारीरिक, मौखिक, साइबर और सामाजिक के बारे में बताया गया, इसके प्रभाव और इस तरह के व्यवहार की रोकथाम पर चर्चा की गई। इस मुद्दे से निपटने के लिए दयालुता, सहानुभूति और सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। बुलीइंग को रोकने और उसका समाधान करने के लिए स्टूडेंट्स को ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाने के लिए वीडियो और पीपीटी भी दिखाए गए।स्टूडेंट्स को अपनी भावनाओं, चिंताओं और अनुभवों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। सत्र का समापन बुलीइंग विरोधी शपथ के साथ हुआ। स्टूडेंट्स के लिए एक महत्वपूर्ण और जानकारी पूर्ण सत्र रहा , जिसमें विद्यार्थियों ने बुलीइंग से निपटने सम्बन्धी ज्ञान और कौशल हासिल किया।

### ड्रॉपआउट रोकने के लिए अभिभावकों को करें जागरूक



**जयपुर।** शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने कहा कि विद्यालयों में छात्रों को दी जाने वाली वोकेशनल शिक्षा को रोजगार से जोड़ना सुनिश्चित करें एवं कक्षा 9 से 12 की छात्राओं को भी प्रोत्साहित कर विभिन्न ट्रेड्स से जोड़ें। कुणाल सोमवार को शिक्षा संकुल में राजस्थान एजुकेशन इनीशियटिव पार्टनर्स के साथ आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अभिभावकों को शिक्षा का महत्व समझाकर विद्यार्थियों के ड्रॉपआउट को रोकने की बात कही। उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने, स्वयं सेवी संस्थाओं को अन्य पिछड़े जिलों में भी शिक्षा की गुणवत्ता के कार्यों के लिए आगे आने का आह्वान किया। डिजिटल लाईब्रेरी के लिए सुझाव देने तथा पूर्व प्राथमिक शिक्षण को सहज एवं आनन्ददायक बनाने के निर्देश दिए।

### युवाओं में शिक्षा से होगा संवेगात्मक बुद्धि का संवर्धन




जयपुर । आज के युवाओं में बढ़ती संवेगात्मक अस्थिरता तथा तनाव की स्थिति को शिक्षा के माध्यम से समझने तथा सुधारात्मक उपायों की ओर किए जाने वाले प्रयासों की आवश्यकता है। इसी को देखते हुए स्नेह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सांगानेर, जयपुर में सोमवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में "Foster Emotional Intelligence in Youth Through Education" विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डॉ. मीनाक्षी तिवाड़ी द्वारा की गई। संगोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. गोर्वधन लाल शर्मा वरिष्ठ राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारी, उपायुक्त नगर निगम, ग्रेटर जयपुर द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। संगोष्ठी का आयोजन हायब्रिड मोड पर किया गया, जिसमें राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। संगोष्ठी में आज के युवा के संवेगों को शिक्षा के माध्यम से किस प्रकार सन्तुलित व संवर्धित किया जाए, इसके बारे में बताया गया।

---

**राहा कप ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन**

# कराटे में जूही ने गोल्ड और सिल्वर पर जमाया कब्जा

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के महावीर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राहा कप ओपन कराटे चैंपियनशिप - 2024 का आयोजन हुआ। कराटे चैम्पियनशिप राहा मेमोरियल कराटे अकादमी जयपुर की ओर से किया जा रहा है। चैम्पियनशिप सेगो काई कराटे डू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की गई थी।




टूर्नामेंट के आयोजक सेंसई निर्मल बोहोरा ने बताया कि यह टूर्नामेंट सेगो-काई कराटे-डो एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संस्थापक स्वर्गीय सेंसई रेबती रंजन राहा की स्मृति में आयोजित किया गया है। आयोजन में देश भर के 10 राज्यों से 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ, जयपुर नगर निगम के पूर्व चेयरमैन संजीव शर्मा, महावीर पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष उमरावमल सांघी, हिमांशु पार्षद आरएएच एंटरप्राइजेज की सीईओ मिस अश्लेषा , सेगो-काई कराटे-डो एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष शिहान तरुण चक्रवर्ती, सेगो-काई कराटे-डो एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष सेंसई बच्चू शॉ ने शिरकत की।

### छठवीं की स्टूडेंट है छात्रा जूही, टीचर्स में छाई खुशी

ऑल इंडिया रहा कप कराटे चैंपियनशिप की नन्हीं अंतराष्ट्रीय चैंपियन जूही प्रजापति ने कोच निर्मल बोहरा और मोहन श्रेष्ठ के मार्ग दर्शन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक और रजत पदक पर पर जीत हासिल की । जूही ने अपने 10 और 11 के आयु वर्ग काता इवेंट में दिल्ली के खिलाड़ी को हरा कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। दूसरी ओर कुमेते इवेंट में भी रजत पदक जीतने में कामयाब रही। जूही जयपुर की द पैलेस स्कूल की क्लास 6 की स्टूडेंट्स है।



### नकद पुररस्कार देकर किया सम्मान

जूही की इस उपलब्धि पर द पैलेस स्कूल की प्रधान अध्यापक उर्वशी वर्मन क्लास टीचर प्रतिभा यादव और सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट की कार्यकारी ट्रस्टी रमा दत्ता और शेर सिंह शेखावत ने जूही की उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस चैम्पियनशिप में देश भर से खिलाड़ियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार वितरित किए गए।

## युवाओं ने कच्ची बस्ती में की मतदान की अपील

**जयपुर।** चुनाव लोकतंत्र का आधार है। चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होना हर मतदाता का कर्त्तव्य है। इसी को चरितार्थ कर रहे हैं शहर का एक युवाओं। जो कच्ची बस्तियों में जाकर लोगों से मतदान की अपील कर रहे हैं। उन्हें लोभ लालच, स्वार्थ से परे होकर मतदान के लिए कर रहे प्रेरित रहे हैं। इन्हीं में एक युवा कुश कुमार शर्मा कहना



है कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अंतिम पायदान के लोगों का भी बड़ा योगदान बहुत जरूरी है, कच्ची बस्ती के लोग जागरूकता के अभाव से मतदान से वंचित रह जाते है। इसी को लेकर हम युवाओं ने बीड़ा उठा कर शहर की कई कच्ची बस्ती व झुग्गी झोपड़ी में रह रहे लोगों को मतदान को लेकर जागरूक कर रहे हैं। इनमें झालाना कच्ची बस्ती, वीटी रोड़, गुर्जर की थड़ी, 200 फीट रोड़ समेत अन्य जगह पर जाकर लोगों को मतदान का महत्व व लोभ लालच, स्वार्थ से परे होकर मतदान के लिए प्रेरित कर रहे है। कुश कुमार शर्मा ने बताया इसमें राजस्थान विश्वविद्यालय के स्कॉलर कमलेश बागड़ा, शिवराज सिंह, एनएसएस राष्ट्रीय अवॉर्डी शुभम पारीक समेत कई युवा जागरूक कर रहे है।

---

**उप रेलवे मजदूर संघ ने मनाई जयंती**

# अंबेडकर को तब सच्चा सम्मान जब देश का बच्चा-बच्चा हो शिक्षित



**बेधड़क** | जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ जयपुर मण्डल के प्रधान कार्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। बाबा साहेब के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे के मंडल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित ने बोला कि डॉ. भीमराव अंबेडकर को असली मायने में सम्मान तब मिलेगा जब देश का बच्चा- बच्चा शिक्षित हो जाएगा। शिक्षा ही असली शेरनी का दूध है, एक वक्त का खाना कम खा ले लेकिन अपने बच्चो को जरूर पढ़ाये। अंबेडकर उस समय की कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी 30 से अधिक विषयों में मास्टर डिग्री हासिल की और 3 विषय पर डॉक्टरेट की उपाधि हासिल कर यह साबित किया कि लक्ष्य और उद्देश्य के आगे कुछ भी नामुमकिन नही हैं। मंडल मंत्री महेश शर्मा ने बताया कि डॉ. अंबेडकर बाबा साहेब ने अपने जीवन को बहुत ही स्वाभिमान से जिया ओर अपने जीवन मे बहुत संघर्ष करते हुए भारत देश को संविधान दिया। ऑल इंडिया एससी एसटी इम्प्लॉइज एसोसिएशन के जोनल पदाधिकारी घासीराम नरेडिया ने बताया कि बाबा साहेब ने युवा वर्ग महिला वर्ग, श्रमिक वर्ग आदि के उत्थान के लिए सविधान में श्रमिक वर्ग आदि के उत्थान के लिए सविधान में प्रावधान कर बाबा साहेब हम सब के लिए पूजनीय बन गए।

मंडल कोषाध्यक्ष रामबाबू गौतम ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला और बाबा साहेब की जीवनी का वर्णन करते हुए बाबा साहेब के संघर्षों के बारे में बताया। डॉ. अंबेडकर की स्कूली शिक्षा से लेकर भारत के प्रथम कानून मंत्री तक के सफर पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के मण्डल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित, मण्डल मंत्री महेश शर्मा, मण्डल पदाधिकारी मोहन पूनिया, दीपक वर्मा, महेश शर्मा, देवेंद्र सिंह चौहान सहित एसी एसटी यूनियन के मंडल मंत्री सीडी मीना सहित सैकड़ों रेलकर्मी उपस्थित रहे।

### महेश नगर में भी हुआ धूमधाम से कार्यक्रम

**जयपुर।** महेश नगर में डॉ. बीआर अम्बेडकर पार्क में समग्र समाज सेवा समिति तत्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 133वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में अम्बेडकर जयन्ती समारोह का आयोजन किया गया। समिति के महासचिव डॉ. मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय साधारण बीमा अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण संगठन के संगठन सचिव डॉ. देवेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में बाबा साहेब के विचारों एवं मूल्यों को जीवन मे अपनाने पर बल दिया। साथ ही डॉ. गोविंद सिंह सोमावत, बीएल. मोरडिया, डॉ. महेन्द्र कुमार आनंद, एड. रामअवतार वर्मा, पुरण सिंह मौर्य, सीएम चांदोलिया ने समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष जे.सी. आर्य ने की।

---

**डिस्कशन** | **लेखिका रति की 6 नई किताबों का किया गया विमोचन**

# रति की किताबों में दिखता है स्त्री पीड़ा और आक्रोश

**बेधड़क** | जयपुर

प्रगतिशील लेखक संघ की ओर से वरिष्ठ रचनाकार रति सक्सेना की 6 नई किताबों 'आई सी यू में ताओ' (कैंसर डायरी) , 'स्याह पर्दों के ऊपर' (संस्मरण), 'अटारी पर चाँद' (यात्रा डायरी), देह धरण( कविता संग्रह), 'चाप स्टिक बनाम बुद्ध' ( यात्रा वृतान्त), 'क्रांतिकारी कवि अताओल बेहरामोग्लू' पर राजस्थान प्रौढ़ शिक्षण समिति में विमोचन किया गया । पुस्तक विमोचन के साथ साथ इन 6 किताबों पर साहित्यकारों के बीच खास चर्चा भी की गई । वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हेतु भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित इस चर्चा में शहर के अनेक लेखकों ने अपने विचार प्रकट किए।



प्रलेस की जयपुर इकाई के अध्यक्ष अजय अनुरागी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली के स्वामी एम एम चंद्रा ने कहा कि रति सक्सेना लेखन के मामले में ख़ुद के प्रति बेहद निर्मम है। वे अपने लेखन के ज़रिए लोकतांत्रिक मूल्यों की रचना कर रही है। डॉ. हेतु भारद्वाज ने कहा कि रति सक्सेना के रचना संसार का एक बड़ा वैश्विक परिप्रेक्ष्य है। उनके लेखन में व्यक्तिगत वेदना का रूपांतरण सार्वजनिक पीड़ा बन गया है। उनकी सोच मनुष्यता के लिए है, वे ख़तरा उठाने के लिए तैयार रहती है। रति के पास विश्व स्तरीय अनुभव है तथा वैश्विक संवेदनाएं हैं। नंद भारद्वाज का कहना था कि रति की कविताओं में स्त्री पीड़ा और आक्रोश की अभिव्यक्ति है। उनकी रचनाओं में साहस बोलता है। समाज के पास जब स्त्री से आँख से आँख मिलाने की ताक़त नहीं होती है तब उसके विरुद्ध घूँघट , हिजाब अथवा पर्दे का प्रयोग कर उसकी आवाज़ दबाने की कोशिश की जाती है। कवि कृष्ण कल्पित ने कहा कि उनके पास विश्व वेदना में एकाकार होती रचनाएं हैं। उनकी कविताओं में अंतर्राष्ट्रीय चिंताए मौजूद हैं। डॉ. हरि राम मीणा ने कहा कि रति ने त्रासदियों के खिलाफ अपनी अभिव्यक्ति की है। उन्होंने आस्था को चोट लगने को लेकर व्यंग्य किया है। उनकी रचनाओं में बेहतर जिंदगी के सूत्र मिलते हैं।

### पीड़ा और वेदना का साहित्य है : सत्यनारायण व्यास

वरिष्ठ आलोचक डॉ. दुर्गा प्रसाद अग्रवाल ने रति के यात्रा साहित्य पर कहा कि रति सक्सेना ठहरकर विवेक सम्मत दृष्टि से चीजों को देखती हैं। वे विदेश में घूमते हुए उस देश को समझने का प्रयास करती हैं। उनके लेखन में विस्तार है। डॉ. सत्य नारायण व्यास का कहना था कि रति का साहित्य पीड़ा व वेदना का साहित्य है तथा इसमें भावना -बुद्धि का सामंजस्य है। प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष गोविंद माथुर के अनुसार रति का यात्रा साहित्य चीजों को नई दृष्टि से देखने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर अजंता देव ने कहा कि आज हिन्दी साहित्य में स्त्री रचनाकारों के संघर्ष को रेखांकित करना जरूरी है। उन्होंने कैंसर डायरी "आई सी यू में ताओ" पर बात रखते हुए कहा कि रति की रचनाओं में निजी तकलीफ़ मानवता की तकलीफ़ में बदल गई है। ये रचनाएं जिजीविषा को प्रकट करती है। कार्यक्रम का संचालन उषा दशोरा ने किया।

# निर्वाण चक्र जागरण दिवस है अष्टमी व नवमी



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वैदिक मतानुसार ईश्वर सर्वज्ञ, निराकार, सर्वव्यापक, सर्वान्तर्यामी, अतिसूक्ष्मतम, सर्वशक्तिमान है। यह भौतिक नहीं, बल्कि लोक से परे अलौकिक रूप है, सूक्ष्म से सूक्ष्मतम रूप है। इसकी अनुभूति के लिए ध्यान में बैठने की आवश्यकता है। ध्यानावस्था में ही ब्रह्मांड को अनुभव किया जा सकता है। ध्यान में बैठकर ईश्वर के नाम, गुण आदि के चिंतन-मनन, प्रार्थना -उपासना करने, अपने भीतर शून्यता में जाने से ही विभिन्न मंत्र व अनन्त शक्तियों से साक्षात्कार हो सकता है, और शरीर में अवस्थित उनके प्रतिमान चक्रों को जागृत किया जा सकता है। अपने भीतर अर्थात अंतरात्मा में विभिन्न तत्वों को जागृत करने, उनके अनेक सूक्ष्म रूपों का आह्वान, जागरण, पूजन करने के लिए प्राचीन काल से ही भारत में नवरात्र की परंपरा का अनुसरण किया जाता रहा है। इन सभी तत्वों का इस पृथ्वी पर आह्वान, जागरण और पूजन करना ही नवरात्रि काल का मुख्य उद्देश्य है। नवरात्रि काल भगवती दुर्गा की अवधारणा भक्ति और परमात्मा की उदात्त, परम व परम रचनात्मक ऊर्जा शक्ति की पूजा का सबसे शुभ, पवित्र और उत्तम अवधि माना जाता है। नवरात्र काल में प्रथमा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक नौदुर्गा के नौ स्वरूपों के आराधना -उपासना की परिपाटी है। इस काल में प्रथमा से नवमी तिथि तक मानव शरीर के सप्त चक्रों के जागरण हेतु तंत्र व योग साधना से संबंधित विभिन्न कृत्य निष्पादित किए जाते हैं, और माता भगवती के नौ स्वरूपों से प्रार्थना की जाती है। नवरात्रि के आठवें दिन अष्टमी व नौवें दिन नवमी तिथि को क्रमशः माता भगवती के अष्टम व नवम स्वरूप देवी महागौरी व माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना- उपासना का विधान है। इस वर्ष 2024 में वासन्तीय नवरात्र की अष्टमी व नवमी तिथि क्रमशः 16 व 17 अप्रैल दिन मंगलवार व बुधवार को पड़ने के कारण इन तिथियों को दुर्गा के देवी महागौरी व माता सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा -अर्चना की जाएगी।

> **नवरात्रि काल भगवती दुर्गा पर विशेष**
> *शाक्त मान्यतानुसार माता सिद्धिदात्री का ध्यान, स्तोत्र व कवच का पाठ करने से निर्वाण चक्र जाग्रत हो जाता है। सिद्धिदात्री सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली माता हैं। मान्यता है कि विधि-विधान से नवरात्र के नौवें दिन इस देवी सिद्धिदात्री की उपासना करने से समस्त सिद्धियां प्राप्त होती हैं।*

महागौरी शब्द महा और गौरी दो शब्दों के मेल से बना है, जिसमें महा का अर्थ है- महान, विशिष्ट और गौरी का अर्थ है- पूर्णतः गौर, गोरी, अत्यंत गोरी। इस प्रकार महागौरी का अर्थ हुआ- वह रूप जो अतिशय सौन्दर्य से भरपूर है, प्रकाशमान है। पूर्ण रूप से सौंदर्य में डूबा हुआ है। जगत की कालिख वृति न रहने के कारण महागौरी गौर वर्ण का परम शुद्ध व परम पवित्र रूप है। महागौरी अति सौन्दर्यवान, देदीप्यमान, शांत है, पूर्णतः करुणामयी, सबको आशीर्वाद प्रदान करती हुई हैं। देवी इस रूप में समस्त मनोकामनाओं को पूर्ण करती हैं। नवरात्र के आठवें दिन देवी महागौरी का ध्यान, स्रोत पाठ और कवच का पाठ करने से सोमचक्र जाग्रत होता है, जिससे संकट से मुक्ति की प्राप्ति और धन, सम्पत्ति और श्री की वृद्धि होती है। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होती है। आर्थिक समृद्धि होती है। साधक को सभी शक्तियां इसी चक्र के द्वारा प्राप्त हो जाते है। सोम चक्र को सौम्य चक्र भी कहा जाता है। ममता की मूर्त रूप मानी जाने वाली माता गौरी अपने भक्तों को अपने पुत्र समान प्रेम करती हैं। इनकी कृपा से अलौकिक सिद्धियां प्राप्त होती हैं। माता मनुष्य की वृत्तियों को सत् की ओर प्रेरित करके असत् का विनाश करती हैं। इनका आध्यात्मिक प्रभाव व्यक्ति की आत्मा को पवित्रता की ओर आकर्षित करता है। इनकी आराधना से आलस्य से मुक्ति और एकाग्र मस्तिष्क की प्राप्ति होती है। देवी महागौरी की कृपा से सभी काम बनते है और देवी सब सुख साधन प्रदान करती हैं। भौतिक सुख साधनों के साथ साथ देवी मानसिक सुख देने का सामर्थ्य भी रखती है। देवी महागौरी बहुत गौरी है, उनके उज्ज्वल वर्ण से यह सम्पूर्ण सृष्टि प्रकाशित है। देवी की शक्ति अद्भुत और अमोघ है। जिसके समान अन्य कोई नहीं है। देवी सभी के कष्टों को हरती है और सबका मंगल करती है। जो भक्त देवी महागौरी की नित्य आराधना करता है, उसके कष्ट दूर होते हैं और साधक को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। ब्रह्मा के नवदुर्गा कवच में महागौरी का वर्णन तुलसी के रूप में किया गया है। तुलसी सात प्रकार की होती है- सफेद तुलसी, काली तुलसी, मरूता, दवना, कुढेरक, अर्जक और षटपत्र। यह रक्त को साफ कर हृदय रोगों का नाश करती है। महागौरी की शक्ति अमोघ और फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कलुष, सारे पाप धुल जाते हैं, चित्त शांत होता है तथा मन आनंदित हो जाता है।

नवरात्र के नौवें और अंतिम दिन नवदुर्गा के नवम स्वरूप माता सिद्धिदात्री की पूजा करने का विधान है। भगवती का नवम स्वरूप सिद्धिदात्री ज्ञान अथवा बोध का प्रतीक है, जिसे जन्म -जन्मान्तर की साधना से पाया जा सकता है। इसे प्राप्त कर साधक परम सिद्ध हो जाता है। इसलिए इसे सिद्धिदात्री कहा है। इसमें शक्ति स्वयं शिव हो जाती है, पार्वती स्वयं शंकर हो जाती है और राधा स्वयं कृष्ण हो जाती है। आत्मा अर्थात जीवात्मा अपने परम स्थिति में परमात्मा हो जाती है। शक्ति, पार्वती, राधा व जीवात्मा एक है। शिव, शंकर, कृष्ण व परमात्मा एक है। भगवान अर्धनारीश्वर है। सब उनमें ही ओत-प्रोत है, सब कुछ वही है, अलग कोई नहीं। सिद्धिदात्री की उपासना से प्राप्त होने वाली कृपा के बाद मनुष्य की समस्त इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं, तथा उसमें अन्य किसी प्रकार की कोई भी इच्छा शेष नही रह जाती, जिसे वह पूर्ण करना चाहे। उसे असीम आनंद की अनुभूति होती है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## 16 अप्रैल, शायर-नग़मा निगार आरज़ू लखनवी का स्मृति दिवस

# जिसने बना दी बांसुरी गीत उसी के गाए जा



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *आरज़ू लखनवी की ग़ज़लों के चार दीवान 'फ़ुग़ान-ए-आरज़ू' (1897), 'जहान-ए-आरज़ू' (1936), 'सुरीली बांसुरी' (1938) और 'निशान-ए-आरज़ू' (1942) हैं, तो वहीं 'सहीफ़ा-ए-इलहामी', 'दुरदाना और अंदल-ए-महमूद', 'सुबह-ए-बनारस', 'मीज़ान-उल-हरफ़', 'निज़ाम-ए-उर्दू' मिरासी, रूबाई, मसनवी और उर्दू ग्रामर की किताबें हैं। उर्दू शायरी में आरज़ू लखनवी का एक अलग ही मुक़ाम है।*

आरज़ू लखनवी का शुमार उन शायरों में होता है, जिन्होंने न सिर्फ़ अपना नाम उर्दू अदब में सुनहरे हुरूफ़ में लिखवाया, बल्कि उनके मधुर गीतों ने हिन्दी सिनेमा के इब्तिदाई दौर को मालामाल किया। आरज़ू लखनवी के नग़मों के शैदाई उनके समकालीन मूसीक़ार अनिल विश्वास, केदार शर्मा, नौशाद से लेकर शायर-नग़मा निगार साहिर लुधियानवी भी थे। नौशाद ने अपने एक इंटरव्यू में उनकी तारीफ़ करते हुए कहा था, ''फ़िल्मों में गीत लिखने वाला सिर्फ़ एक ही बेजोड़ शायर हुआ है, आरज़ू लखनवी।'' वहीं साहिर भी उन्हें सबसे बड़ा फ़िल्मी गीतकार मानते थे। अनिल विश्वास अपने इंटरव्यू में अक्सर आरज़ू लखनवी के गीतों का ज़िक्र करते थे। ज़ाहिर है कि जिस गीतकार के गीतों की उत्कृष्टता को अनिल विश्वास, नौशाद और साहिर लुधियानवी ने भी तस्लीम किया हो, उस नग़मा निगार के नग़मों का क्या मेयार होगा। सुपर हिट फ़िल्म 'देवदास' के गाने 'बालम आए बसो मोरे मन में', 'दुःख के दिन बीतत नाहीं' वगैरह जिन्होंने सिंगर केएल सहगल की आवाज़ को मुल्क में घर-घर तक पहुंचा दिया, वो आरज़ू लखनवी ही की क़लम से निकले थे। इन गीतों के अलावा 'करूं क्या आस निरास भई', 'पिया मिलन को जाना', 'जग में चले पवन की चाल', 'लूट लियो मन धीर' जैसे मानीखेज़ गीतों के रचयिता आरज़ू लखनवी थे। उनके लिखे गीत और केएल सहगल, पंकज मलिक, केसी डे, कानन बाला की जादुई आवाज़ जब मिली, तो हिन्दी सिने संगीत अपने उरूज पर पहुंच गया। आलम यह था कि ये गाने पूरे मुल्क में गुनगुनाए जाते थे। घर-घर इनके चर्चे होते थे। इन गानों को आये एक लंबा अरसा हो गया, मगर इनकी मक़बूलियत और कैफ़-ओ-असर में कोई कमी नहीं आई है। यह गाने आज भी दिलों को झूमने पर मजबूर कर देते हैं।



16 फ़रवरी, 1872 को उत्तर भारत के लखनऊ में पैदा हुए अल्लामा आरज़ू का असल नाम सैयद अनवर हुसैन था। बीस साल की उम्र तक आरज़ू लखनवी की शोहरत लखनऊ से निकलकर, दूसरे शहरों तक पहुंच गई। शायरी के अलावा आरज़ू लखनवी उर्दू ज़बान के बड़े आलिम और ख़ास तौर पर लखनवी ज़बान के जानकार थे। ज़बान की बारीकियों और मुहावरे पर उनकी अच्छी दस्तरस थी। शायरी के अलावा उन्होंने उर्दू व्याकरण और अलंकार से संबंधित किताबें भी लिखीं। इन किताबों में 'निज़ाम-ए-उर्दू' का ख़ास मुक़ाम है। आरज़ू लखनवी ने शायरी के अलावा नस्र में भी अपने हाथ आजमाये। उन्होंने दोस्तों के मशवरे पर ड्रामे भी लिखे। उनका पहला ड्रामा 'मतवाली जोगन' था, जिसका सबसे पहला मंचन लखनऊ में हुआ। ज़बान की दिलकशी और सादा अशआर की बदौलत यह ड्रामा खूब पसंद किया गया। ड्रामे की शोहरत हुई, तो एक पारसी थियेटर कंपनी ने इसे खरीद लिया। साथ ही आरज़ू लखनवी से आगे और भी ड्रामे लिखने का कॉन्ट्रेक्ट कर लिया। कलकत्ता की मशहूर 'मैडन थियेटर कंपनी' ने उन्हें कलकत्ता बुलवा लिया। साल 1936-37 के दरमियान वो कलकत्ता में ही रहे और उन्होंने इस कंपनी के लिए 'दिल जली बैरागन', 'अमल का फल', 'चराग़-ए-तौहीद', 'चांद गहन', 'सदा-ए-दरवेश' और 'शरार-ए-हुस्न' जैसे मक़बूल-ए-आम ड्रामे लिखे। जो ड्रामे के शौक़ीनों को ख़ूब पसंद आए। 14 मार्च, 1931 को रिलीज हुई 'आलमआरा' भारतीय सिनेमा की पहली बोलती फ़िल्म थी। इस फ़िल्म की रिलीज के बाद लोगों की तवज्जो और दिलचस्पी फ़िल्मों की ओर बढ़ गई। थियेटर की तरफ़ लोगों का रुजहान कम होता चला गया। इसका नतीजा यह निकला कि कई बड़ी-बड़ी थियेटर कंपनियां बंद हो गईं। आरज़ू लखनवी भी वापस लखनऊ लौट आए। लेकिन कुछ ही दिनों में उन्हें बंबई से बुलावा आ गया। फ़िल्म कंपनी 'न्यू थियेटर्स' के लिए उन्होंने उन्नीस फ़िल्मों में गीत लिखे। आम बोलचाल की ज़बान में लिखे गए आरज़ू लखनवी के गीत लोगों को ख़ूब पसंद आते थे। यह गीत ज़ल्द ही उनकी ज़बान पर चढ़ जाते थे। 'स्ट्रीट सिंगर' वह पहली फ़िल्म थी, जिसमें लिखे उनके सारे गाने सुपर हिट हुए। केएल सहगल और कानन देवी की आवाज़ और आरज़ू लखनवी के गीतों 'रुत है सुहानी मस्त हवाएं, छाई हैं ऊदी ऊदी घटाएं', 'सांवरिया प्रेम की बंसी सुनाए', 'जीवन बिन मधुर ना बाजे, झूठे पर गए तार' ने ख़ूब जादू जगाया। साल 1939 में आई फ़िल्म 'दुश्मन' के गीत भी सुपर हिट हुए। ख़ास तौर पर केए सहगल का गाया गाना 'करूं क्या आस निरास भई'। 'न्यू थियेटर्स' की फ़िल्मों में आरज़ू लखनवी के कुछ और हिट गीत हैं-'दीवाना हूं दीवना हूं, राहत से मैं बेगाना हूं' (फ़िल्म-ज़िंदगी), 'कैसे कटे रतिया बालम', 'काहे को रार मचाई' (फ़िल्म-लगन), 'यूं दर्द भरे दिल की आवाज़ सुनाएंगे' (फ़िल्म-कपाल कुंडला), 'गुज़र गया वो ज़माना कैसा', 'आई नित नई रुत की बहार' (फ़िल्म-डॉक्टर), 'मस्त पवन शाखें लहराएं' (फ़िल्म-हार जीत), 'मदभरी रुत जवान है', 'ये कौन आया आज सवेरे सवेरे', (फ़िल्म-नर्तकी)। केएल सहगल, पंकज मलिक, पहाड़ी सान्याल और कानन देवी इन गीतों से जवां दिलों की धड़कन बन गए।

'न्यू थियेटर्स' के अलावा आरज़ू लखनवी ने 'नेशनल स्टूडियो', 'मिनर्वा मूवीटोन' और 'बॉम्बे टाकीज' के लिए भी गीत लिखे। यह गीत भी बाक़ी फ़िल्मी की तरह सुपर हिट रहे। महबूब के निर्देशन में बनी फ़िल्म 'रोटी' में आरज़ू लखनवी के गीत भी शामिल थे। 'उलझ गए नैनवा हटे नहीं छुड़ाए', 'जोबन उमड़ाए नैन रसियाए खबर बिसराए' इन गीतों को मलिका-ए-ग़ज़ल बेगम अख़्तर ने अपनी आवाज़ दी थी। आरज़ू लखनवी ने फ़िल्मों के लिए गीत मजबूरी में लिखे थे। गीत लिखना, उनके लिए एक रोजगार था। लेकिन उनके ये नग़मे अदबी लिहाज़ से भी कमज़ोर नहीं। अपनी लेखनी से उन्होंने इन गीतों में एक अदबी मेयार पैदा कर दिया है। ज़बान की सादगी और लफ़्ज़ों का इंतिख़ाब आरज़ू लखनवी कुछ इस तरह से करते थे कि गीत लोगों की ज़ुबान पर चढ़ जाते थे। फ़िल्म के कथानक और सिचुएशन के हिसाब से वो ऐसे गीत लिखते थे कि वे फ़िल्म का एक हिस्सा बन जाते थे। गीतों में क्षेत्रीय बोलियों के लफ़्ज़ों के इस्तेमाल से भी उन्हें कोई गुरेज़ नहीं था। आरज़ू लखनवी की कई ग़ज़लें फ़िल्मों में इस्तेमाल हुईं और वो बेहद मक़बूल हुईं। फ़िल्मी दुनिया में जब आरज़ू लखनवी उरूज पर थे, मुल्क का बंटवारा हो गया। लाखों लोगों के साथ वो भी पाकिस्तान चले गए। लेकिन बीच-बीच में वे बंबई आते रहे। उम्र के वे अब आख़िरी पड़ाव में थे। लिहाज़ा उन्होंने धीरे-धीरे आना-जाना बंद कर दिया। कुछ अरसा उन्होंने पाकिस्तान रेडियो के कराची स्टेशन पर मुलाज़मत की। कुछ यादगार रेडियो नाटक लिखे। मुशायरों में शिरकत करते रहे।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य कविता



सुनील कुमार महला
कवि

*हर पल, हर क्षण*
*मानव जीवन खतरे में है*
*दवाओं में मिलावट है*
*दूध में पानी की मिलावट है*
*मसालों में मिलावट है*
*आटा, दाल, चावल, चीनी,*
*गुड़, घी में मिलावट है*
*अनाज में मिलावट है*
*तेल में मिलावट है*
*हवा में , पानी में , मिट्टी तक*
*में मिलावट है*
*आग में धुएं की मिलावट है*
*सरकारों में मिलावट है*
*हर रंग में मिलावट है*
*सीमेंट में मिलावट है*
*सच में झूठ की मिलावट है*
*मन में, आत्मा में मिलावट है*
*संबंधों में मिलावट है*
*यहां तक कि खून में भी मिलावट है*
*खुशबू में मिलावट है*
*विचारों तक में मिलावट है*
*कहां नहीं है मिलावट ?*
*प्रकृति में , इस ब्रह्मांड के*
*कण-कण में आज*
*मिलावट का बोलबाला हो गया है*
*ज़हर में मिलावट है*
*सोने-चांदी में मिलावट है*
*इत्र में मिलावट है*
*शहद में, शराब में मिलावट है*
*राशन में मिलावट है*
*आज अरमानों में मिलावट है*
*ख्यालों में मिलावट है*
*हर चीज़ में मिलावट है*
*शुद्धता का नामोनिशान नहीं है*
*ये मानव का*
*कुत्सित और अमानवीय कृत्य*
*नहीं तो और भला क्या है ?*
*स्वार्थ की खातिर*
*आदमी, आदमी को सरेआम मारने पर तुला है*
*आदमी कारोबार करता है*
*ये कैसा कारोबार ?*
*आदमी आज मुखौटा पहनकर घूमता है*
*वह पदार्थ में जीता है*
*सिर्फ और सिर्फ पदार्थ में*
*मन आज जहरीले हो गये हैं*
*अपने ही आज अपनों को छल रहे हैं*
*मिलावट का ज़हर बिक रहा है*
*आदमी मिलावट से धन-दौलत*
*का झोला भर रहा है*
*दग़ाबाज़ी की हदें लांघता आदमी*
*आदमी को आदमी न समझता आदमी*
*मिलावटखोर हर तरफ पल रहे हैं*
*आदमी ही आज आदमी को छल रहे हैं*
*जज़्बातों में मिलावट है*
*कभी एक-दूसरे का हमदर्द था आदमी*
*आदमी को आदमी समझता था आदमी*
*आज बना है जानी-दुश्मन आदमी*
*आदमी को नहीं सुहाता आदमी*
*मिलावट का यह दौर आखिर*
*आदमी को कहां ले जाएगा ?*

## नॉलेज कॉर्नर: सबसे पहले टेलीविजन मनोरंजन के लिए काम में लिया गया 'टेलीप्रॉम्प्टर'

# अभिनय की देन 'टेलीप्रॉम्प्टर' का आविष्कार

आपने कई बार बड़े-बड़े राजनेताओं को लगातार लंबे-लंबे भाषण देते सुना होगा। कई बार वे अपने साथ एक पर्चा लेकर जाते हैं लेकिन कई बार वे सीधे जनता को देखते हुए बिना रुके अपना भाषण देते रहते हैं। ठीक इसी तरह एक समाचार वाचक भी घंटों तक टीवी पर समाचार पढ़ते नजर आते हैं। आपने सोचा है कभी आखिर ये इतना लंबा भाषण बिना देखे कैसे देते हैं। दरअसल, ये सब राजनेता और टी.वी एंकर टेलीप्रॉम्प्टर नामक एक उपकरण को देखकर अपना वक्तव्य पूरा करते हैं।

### शुरुआत से अब तक का सफर

वर्ष 1952 में अमेरिकी राजनीतिक सम्मेलनों में टेलीविजन प्रेजेंटर्स और स्पीकर के लिए पहले मैकेनिकल पेपर रोल टेलीप्रॉम्प्टर काम में लिए गए। वर्ष 1964 में अमेरिकी सम्मेलनों के लिए दोहरे ग्लास टेलीप्रॉम्प्टर काम में लिए गए। वर्ष 1982 में कंप्यूटर आधारित टेलीप्रॉम्प्टर का उपयोग किया गया। इसके बाद वर्ष 1996 में एक बड़े ऑफ-स्टेज प्रोग्राम में मॉनिटर और इनसेट लेक्चर मॉनिटर को जोड़ा कर इसका उपयोग किया गया। वर्ष 2006 में कई बड़े ऑफ-स्टेज आत्मविश्वास मॉनिटरों द्वारा यूके के राजनीतिक सम्मेलनों में ग्लास टेलीप्रॉम्प्टर काम में लिए गए। इसके बाद से टेलीप्रॉम्प्टर का विकास लगातार जारी है।




### एक अभिनय में किया गया सबसे पहले टेलीप्रॉम्प्टर का प्रयोग

टेलीप्रॉम्प्टर का सर्वप्रथम प्रयोग वर्ष 1950 में किया गया। इस तकनीक को अभिनेता फ्रेड बार्टन जे आर ने अपने अभिनय के दौरान अपनाया। फ्रेड ने दो दोस्तों के साथ मिलकर इस डिवाइस को '20th सेंचुरी फॉक्स' कंपनी में रखा। कंपनी ने डिवाइस को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई । फ्रेड ने अपनी एक कंपनी टेलीप्रॉम्प्टर कॉर्पोरेशन बनाई । फ्रेड ने टेलीप्रॉम्प्टर का उपयोग 4 दिसंबर 1950 को टेलीविजन मनोरंजन के लिए किया।

### टेलीप्रॉम्प्टर के उपयोग

इसे सेट करने के लिए एक दर्पण को 45° के कोण पर रखा जाता है। इसका उपयोग मूवी या सीरियल में एक्टर-एक्ट्रेस के लिए स्क्रिप्ट पढ़ने के लिए किया जाता है। स्टेज पर लाइव प्रोग्राम करने, सिंगर द्वारा अपनी लाइनों को याद रखने के लिए, राजनेताओं और सार्वजनिक सभाओं में बोलने वाले व्यक्तियों के लिए इसका इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा न्यूज़ बुलेटिन के दौरान एंकर टेलीप्रॉम्प्टर से समाचार पढ़ने के लिए किया जाता है।

**टेलीप्रॉम्प्टर क्या है**

टेलीप्रॉम्प्टर शब्द अंग्रेजी भाषा के दो शब्दों से मिलकर बना है, टेली जिसका अर्थ होता है दूरस्थ यानी दूर से और प्रॉम्प्टर का अर्थ होता है अनुबोधक या स्मरण करने वाला। यह डिस्प्ले डिवाइस होता है जो व्यक्ति के ठीक सामने स्क्रिप्ट पढ़ने के लिए लगाया जाता है। टेलीप्रॉम्प्टर को ठीक कैमरे के आगे लगाया जाता है, जिससे पढने वाला सामने बैठे व्यक्तियों को देखकर बोलता हुआ प्रतीत होता है। शुरुआत में इसे कैमरे के लेंस के ऊपर-नीचे, या दाएं-बाएं लगाया जाता था। टेलीप्रॉम्प्टर को सेट करने के लिए कैमरा लेंस के चारों ओर एक काला कपड़ा बांध दिया जाता है। -कंटेंट: बजरंग लाल बुनकर

### एक्शन मोड में चुनाव आयोग: कड़ी कार्रवाई के चलते अवैध नकदी, मादक पदार्थ और शराब बरामद

# LS चुनाव: 4,650 करोड़ का सामान जब्त, इसमें 2069 करोड़ की ड्रग्स

**एजेंसी** | नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव अधिकारी एक मार्च से हर दिन 100 करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती कर रहे हैं। आयोग ने बताया कि प्रवर्तन अधिकारी मतदान शुरू होने से पहले ही 4,650 करोड़ रुपए के सामान की जब्ती कर चुके हैं। यह 2019 लोकसभा चुनावों में की गई 'कुल जब्ती से अधिक' है। एक बयान के मुताबिक, यह 75 वर्षों के इतिहास में सबसे अधिक जब्ती होने की संभावना है। देश की 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान होगा।




आयोग ने कहा कि अब तक कुल 4,658 करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती में 395 करोड़ रुपए नकद, 489 करोड़ से अधिक की शराब और 2,069 करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ शामिल हैं। आयोग ने कहा कि राजनीतिक वित्तपोषण के अलावा काले धन का इस्तेमाल, समान अवसर को प्रभावित कर सकता है। यह जब्ती, प्रलोभन और कदाचार मुक्त लोकसभा चुनाव कराने तथा समान अवसर सुनिश्चित करने के उसके संकल्प का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### राजस्थान में सर्वाधिक जब्ती

चुनाव आयोग की तरफ से जारी डाटा के अनुसार राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक में सबसे अधिक जब्ती हुई है। आयोग की तरफ से कैश, शराब, ड्रग्स , आभूषण और अन्य चीजों को जब्त किया गया है।

### देश के 123 लोकसभा सीट खर्च के मामले में संवेदनशील

चुनाव आयोग की तरफ से सख्त निगरानी के लिए देश के 123 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों के रूप में चिह्नित किया गया है। इन निर्वाचन क्षेत्रों में या तो पिछले चुनावों में धनबल के प्रयोग का इतिहास रहा है। ड्रग्स, नकदी और शराब की जब्ती इन जगहों पर होती रही है।

### जांच के दौरान आम लोगों को नहीं हो परेशानी

चुनाव आयोग ने कहा है कि खबर सामने आई थी कि चुनाव के दौरान जमीनी स्तर पर जांच के दौरान बाहर से आने वाले पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर आयोग ने तुरंत सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पर्यटकों और नागरिकों की जांच करते समय सावधानी बरतने और विनम्र दृष्टिकोण रखने की सलाह दी है।

### मुर्शिदाबाद के DIG को हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में हिंसा के बाद भारतीय चुनाव आयोग ने मुर्शिदाबाद के डीआईजी को हटाने का आदेश दिया। सूत्रों ने बताया कि उनके खिलाफ ये कार्रवाई हिंसा मामले में तत्परता नहीं बरतने के आरोप में की गई है। राज्य में हिंसा की दो घटनाओं में हथियारों और गोला बारूद का उपयोग किया गया था। लोकसभा चुनाव की घोषणा करते हुए आयोग ने कहा था कि चुनावी हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### PM मोदी ने केरल व तमिलनाडु में किया चुनाव सभाओं को संबोधित

# केरल: कांग्रेस व एलडीएफ ने राज्य को लूटा: प्रधानमंत्री मोदी

■ चुनाव सभाओं में सियासी हमले हुए तेज

**एजेंसी** | तिरुवनंतपुरम

देश में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है और राजग व विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता एक दूसरे पर सियासी हमले कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सुदूर दक्षिण राज्य केरल और तमिलनाडु में चुनाव सभाओं को संबोधित किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी सोमवार को केरल के दौरे पर रहे और उन्होंने भी चुनाव सभाओं को संबोधित किया। पीएम मोदी ने केरल के तिरुवनंतपुरम व त्रिशूर में चुनाव सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि कांग्रेस और एलडीएफ ने राज्य को लूटा है। जो लोग घोटालों में शामिल हैं और जो सोने के तस्करों को बचा रहे हैं, वो आपकी रक्षा नहीं कर सकते। केरल को अपने आप को भ्रष्टाचारी सरकार से बचाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने तिरुवनंतपुरम की रैली में कहा कि केरल की आर्थिक स्थिति खराब है और इसका खजाना खाली है। राज्य सरकार के पास कर्मचारियों को वेतन देने के भी पैसे नहीं हैं। इसके लिए यहां की सरकारों का कुप्रबंधन जिम्मेदार है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने रविवार को अपना संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा के संकल्प पत्र का मतलब है मोदी की गारंटी। भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने की गारंटी, देश में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की गारंटी, अंतरिक्ष क्षेत्र में सफलता की गारंटी। कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी 10 करोड़ महिलाओं को आईटी, स्वास्थ्य, पर्यटन और खुदरा क्षेत्र की ट्रेनिंग दी जाएगी।



### हमने भारत को मजबूत बनाया

इससे पहले पीएम मोदी ने केरल के त्रिशूर में अलाथुर इलाके में भी एक जनसभा में कहा कि नया साल केरल में नई राजनीति की शुरुआत है। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने दुनिया के सामने भारत को कमजोर देश की तरह पेश किया, लेकिन हमने भारत को मजबूत बनाया है। आगामी चुनाव भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए हो रहा है। एलडीएफ और यूडीएफ केरल की स्थिति को खराब कर रहे हैं। इन पार्टियों ने केंद्र सरकार से मिले फंड का गलत इस्तेमाल कर केरल के विकास को बाधित किया। आज केरल में राजनीतिक हत्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। कॉलेज कैंपस असामाजिक तत्वों का गढ़ बन गए हैं, जो सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ रहे हैं और इन लोगों को सरकार का भी संरक्षण प्राप्त है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ से सावधान रहें। केरल में कांग्रेस, लेफ्ट के लोगों को आतंकी बताती है, लेकिन दिल्ली में कांग्रेस और ये 'आतंकी' साथ बैठते हैं, साथ खाते हैं और चुनाव के लिए साथ रणनीति बनाते हैं।

## तमिल संस्कृति के खिलाफ हैं डीएमके व कांग्रेस

**तिरुनेलवेली।** भाजपा एक और दक्षिणी राज्य तमिलनाडु में इस बार चुनावी सफलता हासिल करने के लिए पूरी ताकत लगा रही है। इसके तहत पीएम मोदी ने सोमवार को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में जनसभा की। यहां डीएमके सहित पूरे विपक्ष पर जमकर सियासी हमले किए। उन्होंने कहा कि डीएमके और कांग्रेस की विचारधारा तमिल संस्कृति के खिलाफ हैं। चाहे सेंगोल हो या जलीकट्टू, डीएमके और कांग्रेस ने तमिल संस्कृति को उजागर करने वाली हर पहल का विरोध किया है।

पीएम ने कहा कि भाजपा तमिलनाडु के लिए काम करती है क्योंकि वह तमिल विरासत का सम्मान करती है। भाजपा वी.ओ.चिदंबरम पिल्लई से प्रेरणा चाहती है जिन्होंने भारत को आत्मनिर्भर बनाने का सपना देखा था। हम तमिलनाडु में ईमानदार शासन की वकालत करते हैं। हम एमजीआर जैसे नेताओं के सपनों को पूरा करना चाहते हैं। वहीं डीएमके एमजीआर का अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ती।

### दक्षिण में चलेगी बुलेट ट्रेन

पीएम मोदी ने कहा कि आपका समर्थन डीएमके और विपक्षी गठबंधन की रातों की नींद उड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि रविवार को, पुथंडु के पवित्र अवसर पर हमने अपना संकल्प पत्र लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित तमिलनाडु का दृष्टिकोण भाजपा का संकल्प बन गया है। बीते 10 सालों में एनडीए सरकार ने तमिलनाडु के विकास के लिए दिन-रात काम किया है। कनेक्टिविटी को आसान बनाने के लिए तमिलनाडु को वंदे भारत दी गई और अब हमने तय किया है कि दक्षिण में भी बुलेट ट्रेन चलेंगी।

### केरल: वायनाड की जनसभा में गरजे राहुल गांधी

# हो रही है संविधान बदलने की बात, पर कांग्रेस करेगी रक्षा

**एजेंसी** | वायनाड (केरल)

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा के कुछ सांसद संविधान को बदलने की बात कर रहे हैं। मैं आपको बता दूं कि कांग्रेस इनको ऐसा कभी नहीं करने देगी।

राहुल ने सोमवार को वायनाड के सुल्तान बाथेरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी के रूप में यह हमारा कर्तव्य है कि हर एक भारतीय इसका विरोध करे। प्रधानमंत्री हमारे देश को नहीं समझते हैं। वह कहते हैं कि एक राष्ट्र, एक नेता, एक भाषा होनी चाहिए।

हमारे देश में अनेक भाषाएं हैं। उन्होंने कहा कि देश का संविधान ही हमारे लोगों, हमारी भाषाओं, हमारी विभिन्न परंपराओं और इतिहास की रक्षा करता है? लोग गलती से कहते हैं कि संविधान एक किताब है। संविधान एक प्रतिबद्धता है, इस देश के प्रत्येक नागरिक के प्रति यह एक प्रतिबद्धता है कि हम आपको इस देश में शांति और खुशी से रहने देंगे।

उन्होंने कहा कि यह सोच लोगों का अपमान है कि भारत में एक ही नेता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हर भारतीय की बात सुनना चाहती है और उसकी मान्यताओं, भाषा, संस्कृति से प्यार और उनका सम्मान करना चाहती है।



### BJP के चुनाव घोषणा पत्र पर साधा निशाना

इससे पहले राहुल गांधी ने तमिलनाडु के उधगमंडलम में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में गरीबों के लिए कुछ भी नहीं है। यहां थलूर में कॉलेज के छात्रों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने पूछा, गरीबों के लिए भाजपा की क्या नीतियां हैं? इसके बाद उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर कहा कि इसमें युवाओं और महिलाओं सहित सभी वर्गों के लिए नीतियां शामिल हैं।

### केरल व दिल्ली में सत्ता में आएगी कांग्रेस

राहुल ने कहा कि कांग्रेस केरल और दिल्ली में सत्ता में आएगी। उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं के लिए राज्य और केंद्र को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल वामदलों पर भी निशाना साधा। उन्होंनेकहा ,मुझे पता है कि वायनाड कुछ समस्याओं का सामना कर रहा है और इसमें मानव-पशु संघर्ष, रात के यातायात का मुद्दा और चिकित्सा सुविधाओं से जुड़े मुद्दे, मेडिकल कॉलेज की कमी शामिल है।

### रोड शो में उमड़े लोग

इससे पहले वह अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड पहुंचे और एक रोड शो किया। कुछ देर की यात्रा के बाद उन्होंने गाड़ी रोकी और सभा को संबोधित किया। गांधी ने 2019 में वायनाड सीट 4.30 लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीती, जो राज्य में सबसे अधिक है। इस बार उनका मुकाबला सीपीआई नेता एनी राजा और भाजपाके प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन से है।

### पूर्वोत्तर के चुनाव प्रचार में आई तेजी

# हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे: शाह

**एजेंसी** | इंफाल

भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पूर्वोत्तर के राज्यों में चुनाव अभियान तेज कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को मणिपुर पहुंचे और उन्होंने इंफाल में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का मानना है कि पूर्वोत्तर आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा। भारत विकसित तब बनेगा जब मणिपुर विकसित होगा। शाह ने कहा कि मणिपुर में शांति की बहाली के लिए कई संगठनों के साथ शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए है।



### BJP करना चाहती है मणिपुर की रक्षा

अमित शाह ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं है। यह उन लोगों के बीच है जो मणिपुर को विभाजित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा मणिपुर की रक्षा करना चाहती है। पिछले 10 सालों में पीएम मोदी ने भारत को समृद्ध बनाने के साथ-साथ देश की सुरक्षा को भी मजबूत किया है।

## पीएम मोदी व राहुल के खिलाफ EC से शिकायत

**नई दिल्ली/ बेंगलुरु ।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ आयोग से शिकायत की है। भाजपा ने कहा है कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ निराधार आरोप लगाए हैं। सोमवार को भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात कर कहा कि गांधी झूठे और दुर्भावनापूर्ण आरोप लगा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कर्नाटक के मैसूरु में जनसभा के दौरान पीएम मोदी की एक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने भी चुनाव आयोग का रुख किया है। बता दें कि पीएम मोदी ने रविवार को मैसूर में कांग्रेस को 'टुकड़े-टुकड़े गैंग का सुल्तान' कहा था।

### केरल जा रहे थे राहुल गांधी, तमिलनाडु के नीलगिरी में रोका

# हेलिकॉप्टर की जांच पर उखड़ी कांग्रेस

**एजेंसी** | नीलगिरी

चुनाव आयोग के अधिकारियों ने सोमवार को तमिलनाडु के नीलगिरी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को ले जा रहे एक हेलिकॉप्टर की जांच की। पुलिस ने बताया कि हेलिकॉप्टर के नीलगिरी में उतरने के बाद उड़नदस्ते के अधिकारियों ने उसकी तलाशी ली। राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र, केरल के वायनाड जा रहे थे। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने इसकी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि चेक करो, बिल्कुल चेक करो , पीएम का भी हेलिकाप्टर भी तो चेक करो। बराबरी का अवसर तो दें।



### अभिषेक बनर्जी ने भी लगाया आरोप

दूसरी ओर कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने आयकर विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी है। दरअसल, टीएमसी ने दावा किया था कि आयकर विभाग के अधिकारियों ने ट्रायल रन से पहले पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी के हेलिकॉप्टर की तलाशी ली।

**तमिलनाडु की चुनावी चिट्ठी**

# PM मोदी व PMK के भरोसे भाजपा, छोटे दलों के सहारे बढ़ेगी ताकत!

**एजेंसी** | चेन्नई

अगामी लोकसभा चुनावों में राजग के लिए 400 सीटों का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा ने दक्षिण भारत में अपना चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। पार्टी यहां मुख्यरूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चमत्कारिक छवि पर निर्भर है। पिछले कुछ दिनों से प्रधानमंत्री मोदी दक्षिणी राज्यों खासकर तमिलनाडु और केरल में प्रचार अभियान में खास जोर दे रहे हैं। भाजपा ने तमिलनाडु में इस बार उत्तर प्रदेश का चुनावी मॉडल आजमाते हुए कई छोटे छोटे दलों से गठजोड़ किया है। पार्टी का इस बार अन्नाद्रमुक के साथ चुनावी गबबंधन नहीं है। भाजपा खासकर पीएम मोदी तमिलनाडु में अपनी चुनावी सभाओं में कांग्रेस और द्रमुक को खासतौर पर निशाना बना रहे हैं। पीएम मोदी तमिल संस्कृति को चुनावी मुद्दा बनाकर भाजपा के लिए जनाधार बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।




तमिलनाडु में 68 फीसदी ओबीसी और 20 प्रतिशत दलित जातियों के वोट के लिए सभी राजनीतिक दल हाथ-पांव मार रहे हैं। तमिलनाडु में डीएमके, एआईडीएमके और भाजपा के बीच इस बार त्रिकोणीय मुकाबले की उम्मीद है। तीनों दलों ने जातीय समीकरण के हिसाब से गठबंधन किया है। राज्य में कई ऐसे दल हैं, जिनकी जातीय पहचान रही है। भाजपा पहले कभी तमिलनाडु के जातीय हिसाब में फिट नहीं हो सकी, मगर राज्य में पीएमके और वीसीके की जाति वाली पहचान मजबूत रही है। भाजपा ने पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) के साथ चुनावी गठबंधन किया है। पीएमके के प्रमुख अंबुमणि रामदास वान्नियार जाति के सबसे बड़ा चेहरा हैं। तमिलनाडु में वेन्नियार जाति की आबादी 14 फीसदी है। दूसरी ओर दलित पार्टी थोल थिरुमावलवन की विदुथलाई चिरुथिगल काची (वीसीके) महागठबंधन में शामिल है और डीएमके के साथ चुनाव लड़ रही है। दोनों जातीय पार्टियों का तमिलनाडु के उत्तरी जिलों में मजबूत आधार है। राज्य में एक अन्य खेमे का नेतृत्व एआईडीएमके कर रही है।



### भाजपा ने नौ दलों को लिया साथ

भाजपा ने अपनी बदली हुई रणनीति के तहत इस बार राज्य के में नौ दलों को राजग में शामिल किया है। वह इन दलों के सहारे राज्य के सामाजिक समीकरणों को साधना चाहती है। लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार द्रविड़ राजनीति के गढ़ तमिलनाडु में द्रमुक के गढ़ में सेंध लगाना भाजपा के लिए आसान नहीं है। यहां द्रविड मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) और आल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) का वर्चस्व लंबे समय से है। दोनों दल लंबे समय से सत्ता शेयर करते आए हैं। हालांकि, यहां छोटे-छोटे दलों का भी काफी महत्व रहा है। यहां की अलग-अलग जातियां राजनीति की दशा-दिशा तय करती रही हैं।

### उत्तरी तमिलनाडु में जनाधार बढ़ने की उम्मीद

पीएमके के साथ गठबंधन से उत्तरी तमिलनाडु में भाजपा को मदद मिलने की उम्मीद है। इससे भगवा पार्टी का इस चुनाव में वोट शेयर बढ़ने की संभावना है। पार्टी ने मध्य और दक्षिणी तमिलनाडु में फैली एक प्रमुख जाति मुकुलथोर को लुभाने में मदद के लिए अन्नाद्रमुक से निष्कासित नेताओं ओ पन्नीरसेल्वम और टीटीवी दिनाकरण का भी समर्थन हासिल किया है।

### वन्नियारों पर प्रभाव है पीएमके का

पीएमके वन्नियारों के बीच अत्यधिक प्रभावशाली है, जो एक प्रमुख समुदाय है। यह अत्यधिक पिछड़ा वर्ग (एमबीसी) की श्रेणी में आता है और लगभग 6 प्रतिशत का प्रतिबद्ध वोट बैंक रखता है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इस गठबंधन से अन्नाद्रमुक का गणित गड़बड़ा सकता है, जो पीएमके के साथ गठबंधन की उम्मीद कर रही थी। अन्नाद्रमुक ने 2019 और 2021 के विधानसभा चुनावों में पीएमके के साथ गठबंधन किया था।

## जरूरी खबर

### शाहजहां शेख को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**कोलकाता** । पश्चिम बंगाल में एक विशेष पीएमएलए कोर्ट ने टीएमसी के निलंबित नेता शाहजहां शेख को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। दूसरी तरफ प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि उसने धन शोधन से जुड़े एक मामले की जांच के तहत शाहजहां शेख के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। शेख को मछली पालन व्यवसाय से जुड़े कथित धन शोधन के मामले में सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इस मामले में आरोप लगाया है कि शेख ने मछली पालन व्यवसाय की आड़ में असहाय ग्रामीणों की जमीन हड़प कर मिली रकम की हेराफेरी कर मनी लॉन्ड्रिंग को अंजाम दिया। ईडी ने सोमवार को कोर्ट से शेख को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने की अपील की। गौरतलब है कि शाहजहां शेख को के अधिकारियों पर भीड़ द्वारा हमला करने के मामले के सिलसिले में 30 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

### शाही ईदगाह सर्वे मामले में सुनवाई अब अगस्त में



**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद में कमिश्नर सर्वे पर अंतरिम रोक को आगे बढ़ा दिया है। हालांकि इलाहाबाद हाईकोर्ट में चल रही सुनवाई पर रोक नहीं लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस मामले में याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं इस पर हाईकोर्ट में सुनवाई चलती रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद कमिटी की याचिका पर नोटिस जारी किया है और संबंधित पक्षों को जवाब देने को कहा है। अब इस मामले की सुनवाई अगस्त के पहले हफ्ते में होगी।

### पांच-छह देश LCA तेजस को खरीदने के इच्छुक

**नई दिल्ली**। भारत में निर्मित स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस और एलसीएच प्रचंड की लोकप्रियता पूरी दुनिया में लगातार बढ़ रही है। हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) का कहना है कि पांच-छह देश इसे खरीदने के इच्छुक हैं और इस बारे में बातचीत चल रही है। एचएएल के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर सीबी अनंतकृष्णन ने उम्मीद जताई है कि तेजस को लेकर बड़ा निर्यात ऑर्डर मिलने की उम्मीद है। अर्जेंटीना के साथ इस पर अभी भी बातचीत चल रही है। फिलीपींस के साथ बातचीत अंतिम चरण में है।

## राजस्व सेवा अधिकारियों का दीक्षांत समारोह







*नागपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सोमवार को महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 76वें बैच के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने समारोह में राजस्व सेवा अधिकारियों को संबोधित भी किया।*

## भ्रष्टाचार अब पासवर्ड नहीं जेल का रास्ता

**एजेंसी** | नागपुर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को भ्रष्टाचारियों पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि सत्ता के गलियारों में भ्रष्ट तत्वों को पूरी तरह से बेअसर कर दिया गया है। भ्रष्टाचार अब अवसर, नौकरी या अनुबंध का पासवर्ड नहीं है, बल्कि जेल जाने का रास्ता है।

महाराष्ट्र के नागपुर शहर में राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के 76वें बैच के समापन समारोह में धनखड़ ने कहा कि भ्रष्टाचार अब प्रशासन को निर्देशित नहीं करता है। भारत अब सोया हुआ देश नहीं रहा, बल्कि वह तेजी से वैश्विक शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, 'जी-20 की अध्यक्षता के दौरान हम ग्लोबल साउथ की आवाज बने। राष्ट्रों का ऐसा शक्तिशाली संयोजन। जीडीपी और जनसंख्या को देखें जिसका वे प्रतिनिधित्व करते हैं और उनकी आवाज नहीं सुनी जा रही थी। यह अब एक प्रमुख मंच पर है, जिसका श्रेय भारत और हमारे दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है।

**खुश खबरी:** इस साल सामान्य से बेहतर रहेगा मानसून

# अगस्त-सितंबर में होगी झमाझम... औसत से अधिक बरसेंगे बदरा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत में इस साल मानसून सामान्य से बेहतर रह सकता है। मौसम विभाग का कहना है कि इस साल पूरे देश में 106 प्रतिशत यानी औसतन 87 सेंटीमीटर तक बारिश हो सकती है। ला नीना प्रभाव के चलते इस साल देश में मानसून अच्छा रहेगा। अगस्त-सितंबर में अच्छी बारिश होने का अनुमान है। राजस्थान मौसम विभाग 104 से 110 फीसदी के बीच बारिश को सामान्य से बेहतर मानता है।

इससे पहले मौसम संबंधी एक एक निजी एजेंसी ने गत दिनों सामान्य बारिश का अनुमान जारी किया था। ज्ञात रहे कि भारत में 70 फीसदी बारिश दक्षिण पश्चिमी मानसून के चलते ही होती है। मानसूनी बारिश देश के कृषि क्षेत्र के लिए बेहद अहम है और देश की कुल जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान 14 प्रतिशत है। इससे साफ है कि अच्छा मानसून देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी शुभ संकेत है।



-फाइल फोटो

### कुल औसत बारिश होगी 87 सेमी

भारतीय मौसम विभाग के प्रमुख ने बताया कि साल 1951 से लेकर 2023 तक का डाटा देखने से पता चलता है कि देश में नौ बार मानसून सामान्य से बेहतर रहा है। ला नीना प्रभाव के चलते ही ऐसा हुआ। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने कहा कि '1971 से 2020 तक के बारिश के आंकड़ों के अनुसार, हमने नया दीर्घकालिक औसत और सामान्य आंकड़ा पेश किया है। इस सामान्य के अनुसार, 1 जून से 30 सितंबर तक पूरे देश की कुल वर्षा का औसत 87 सेमी होगा। देश में चार महीनों तक (जून से सितंबर तक) सामान्य से ज्यादा बारिश होगी और 106 प्रतिशत तक होगी। जलवायु विज्ञानियों का कहना है कि बारिश के दिनों में कमी आ रही है, जबकि भारी बारिश की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसके चलते ही बाढ़ और सूखे की समस्या देखने को मिल रही है।

### क्या होता है अल नीनो प्रभाव से

अल नीनो प्रभाव में मध्य प्रशांत महासागर की सतह का पानी गर्म होता है, इसके चलते मानसूनी हवाएं कमजोर होती हैं और भारत में सूखे के हालात पैदा होते हैं। ला नीना प्रभाव में पूर्व से पश्चिम की तरफ हवाएं तेज हो जाती हैं, जिससे समुद्र की सतह का गर्म पानी पश्चिम की तरफ चला जाता है। इसके चलते समुद्र का ठंडा पानी ऊपर सतह पर आ जाता है, जिससे पूर्वी प्रशांत महासागर क्षेत्र में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से अधिक ठंडा हो जाता है।

### अल नीनो प्रभाव के चलते बीते साल कम हुई बारिश

अभी देश में अल नीनो प्रभाव का असर है, लेकिन अगस्त-सितंबर में इसके ला नीना प्रभाव में बदलने का अनुमान है। उत्तरी गोलार्द्ध में बर्फबारी भी कम हुई है और ये परिस्थिति भारत में दक्षिण पश्चिम मानसून के पक्ष में है। अल नीनो प्रभाव के चलते साल 2023 में भारत में 820 मिमी बारिश हुई थी, जो कि सामान्य से कम थी। यह दीर्घ अवधि के औसत 868.6 मिमी से भी कम थी। साल 2023 से पहले चार वर्षों में मानसून के दौरान भारत में सामान्य और सामान्य से बेहतर बारिश दर्ज की गई थी।

**दिल्ली शराब घोटाला केस**

## केजरीवाल को नहीं मिली राहत, अब सुनवाई 29 को

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने त्वरित राहत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने इस मामले में ईडी को नोटिस जारी कर 24 अप्रैल तक जवाब देने का निर्देश दिया है। अदालत अब इस मामले पर 29 अप्रैल को सुनवाई करेगी।

सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दावा किया कि केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार से रोकने के लिए गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने मामले की अगली सुनवाई जल्दी करने की मांग की। इस पर कोर्ट ने कहा कि सुनवाई 29 अप्रैल से पहले नहीं की जा सकती।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि केजरीवाल ने शराब नीति घोटाले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था, लेकिन हाईकोर्ट से उन्हें राहत नहीं मिली थी, जिसके बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।



### जेल में केजरीवाल से मिले भगवंत मान

दूसरी ओर, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को तिहाड़ जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की और आरोप लगाया कि आप प्रमुख को वह सुविधाएं भी नहीं दी जा रही हैं जो कट्टर अपराधियों को उपलब्ध होती हैं। मान ने कहा कि वह केजरीवाल से आधे घंटे के लिए मिले लेकिन उनके बीच एक कांच की दीवार थी। दोनों के बीच फोन कॉल के जरिये बातचीत हुई। मान ने कहा, मैं उन्हें देखकर भावुक हो गया। उनके साथ एक कट्टर अपराधी की तरह व्यवहार किया जा रहा है। उनकी गलती क्या है? क्या यह उनकी गलती है कि उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक बनाए?

**सीबीआई की** ब्रिटिश अधिकारियों के साथ चर्चा

## माल्या-नीरव मोदी के प्रत्यर्पण की तैयारी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

किंगफिशर एयरलाइंस के पूर्व प्रवर्तक विजय माल्या, हीरा कारोबारी नीरव मोदी और हथियार डीलर संजय भंडारी के अलावा पंजाब के अलगाववादियों और आतंकवादियों से सहानुभूति रखने वाले वांछितों का जल्द भारत प्रत्यर्पण हो सकता है। इस वक्त भारत के कई भगोड़े ब्रिटेन में हैं और केंद्रीय एजेंसी उनके प्रत्यर्पण



की कोशिश कर रही हैं। इसी सिलसिले में भारत और ब्रिटेन ने सोमवार को आपसी कानूनी सहायता संधि के तहत कार्रवाई में तेजी लाने और भगोड़ों से संबंधित प्रत्यर्पण अनुरोधों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर चर्चा की। ब्रिटेन के एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल की सोमवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो मुख्यालय की यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा की गई। इस प्रतिनिधिमंडल में इंटरपोल महासचिव पद के लिए ब्रिटेन के उम्मीदवार स्टीफन कवानाघ भी शामिल थे।

**रामनवमी की जोर शोर से तैयारी:** रामलला के दर्शन के लिए समय तय

## कल 19 घंटे तक होंगे दर्शन, सूर्य किरण करेंगी अभिषेक

**एजेंसी** | अयोध्या

अयोध्या में रामनवमी को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस दिन यानी 17अप्रैल को सूर्य की किरणों करीब पांच मिनट तक रामलला के मस्तक पर अभिषेक करेंगी। रामनवमी के दिन राम लाल भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे।

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि रामनवमी पर भगवान रामलला के ललाट पर सूर्य किरण 12.16 बजे के करीब 5 मिनट तक पड़ेगी। वैज्ञानिक इस अलौकिक पलों को पूरी भव्यता से प्रदर्शित करने के लिए जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर का बचा हुआ कार्य भी दिसंबर 2024 तक पूरा हो जाएगा।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि राम जन्मोत्सव के दिन सुबह 3:30 बजे से ही भक्त दर्शन के लिए लाइन में लग सकेंगे। रात 11 बजे तक श्रृंगार, राग-भोग व दर्शन साथ-साथ चलते रहेंगे। श्रृंगार आरती प्रातः 5:00 बजे होगी।



### 16 व 18 अप्रैल को सुबह 6 बजे से होंगे दर्शन

राम मंदिर निर्माण के प्रभारी गोपाल राव ने बताया कि 16 और 18 अप्रैल को रामलला का दर्शन सुबह 6 बजे से ही शुरू हो जाएंगे। अभी रामलला के दर्शन 6:30 बजे की श्रृंगार आरती के बाद शुरू होते हैं।

**21 पूर्व न्यायाधीशों का सीजेआई को पत्र**

# देश की न्यायपालिका को अनुचित दबावों से बचाने की है आवश्यकता

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के 21 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने भारत के को पत्र लिखकर कुछ गुटों द्वारा न्यायपालिका पर दबाव बनाने पर चिंता जताई है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि कुछ गुट सोचे-समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक अपमान के माध्यम से न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये आलोचक संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित हैं और न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं। न्यायपालिका को अनुचित दबावों से बचाने की आवश्यकता है। हालांकि, रिटायर्ड जजों ने उन घटनाओं के बारे में नहीं बताया, जिनके कारण उन्हें सीजेआई को पत्र लिखना पड़ा।



सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीश दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश महेश्वरी और एमआर शाह सहित हाई कोर्ट के कई सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की ओर से यह पत्र लिखा गया है। उन्होंने पत्र में आलोचकों पर अदालतों और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर न्यायिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने के स्पष्ट प्रयासों के साथ कपटपूर्ण तरीके अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, इन समूहों द्वारा अपनाई गई रणनीति बेहद परेशान करने वाली है। उद्देश्यहीन सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार से लेकर प्रत्यक्ष और गुप्त कार्यों में संलिप्त होकर न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को धूमिल करना, न्यायिक परिणामों को अपने पक्ष में प्रभावित करने का प्रयास इनमें शामिल है।

पूर्व न्यायाधीशों ने कहा है कि हम देखते हैं कि यह व्यवहार विशेष रूप से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक महत्व के मामलों में स्पष्ट होता है, जिसमे कुछ व्यक्तियों से जुड़े मामले भी शामिल हैं, जिनमें न्यायिक स्वतंत्रता के नुकसान के लिए वकालत और पैंतरेबाजी के बीच की रेखाएं धुंधली हो जाती हैं।

### पूर्व न्यायाधीशों ने जनता की भावनाओं को भड़काने के बारे में भी जताई चिंता

पत्र में पूर्व न्यायाधीशों ने कहा कि वे लोग विशेष रूप से गलत सूचना की रणनीति व न्यायपालिका के खिलाफ जनता की भावनाओं को भड़काने के बारे में चिंतित हैं। ये चीजें न केवल अनैतिक हैं बल्कि हमारे लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के लिए भी हानिकारक हैं। कहा गया है कि किसी के विचारों से मेल खाने वाले फैसलों की चुनिंदा रूप से प्रशंसा करने और जो किसी के विचारों से मेल नहीं खाते उनकी तीखी आलोचना करने की प्रथा न्यायिक समीक्षा और कानून के शासन के सार को कमजोर करती है।

## न्यायिक स्वतंत्रता को सबसे बड़ा खतरा भाजपा से: रमेश

**नई दिल्ली** । कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि न्यायिक स्वतंत्रता को सबसे बड़ा खतरा भाजपा से है। रमेश ने यहां संवाददाता सम्मेलन में 21 पूर्व न्यायाधीशों की ओर से सीजेआई को लिख पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि यह पत्र हाल के महीनों में अपनी ताकत दिखाने वाली न्यायपालिका को डराने का प्रयास है। न्यायपालिका जिसने भारत के सबसे बड़े भ्रष्टाचार चुनावी बांड को उजागर किया है। यह उस सर्वोच्च न्यायालय को डराने का प्रयास है, जिसने कहा कि मणिपुर में संवैधानिक तंत्र ध्वस्त हो गया है।

रमेश ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट निशाने पर है, क्योंकि अदालत की एक महिला जज ने हाल ही में नोटबंदी की काफी आलोचना की थी। न्यायिक स्वतंत्रता को सबसे बड़ा खतरा कांग्रेस पार्टी से नहीं, बल्कि भाजपा से है, प्रधानमंत्री मोदी से है, गृहमंत्री अमित शाह से है।

## राम नवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री राम मंदिर आदर्श नगर में राम भक्त के गुणगान

# हनुमान बल के ही नहीं बुद्धि के भी देवता, संकट में करते हैं रक्षा

**बेधड़क | जयपुर**

श्री राम नवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री राम मंदिर आदर्श नगर में श्री राम कथा में हनुमान के गुणों का गुणगान किया गया तो भक्त भावुक और रोमांचित नजर आए। श्रीराम मंदिर में राम नवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित 9 दिवसीय कथा के 8वें दिन आचार्य संदीप कृष्ण शास्त्री ने व्यास पीठ से भक्त हनुमान के गुणों का वर्णन किया।

व्यास पीठ से उन्होंने कहा कि हनुमान बल और बुद्धि के देवता हैं। पढ़ने वाले छात्र सबसे अधिक हनुमानजी की पूजा करते हैं। हनुमान सभी संकट से रक्षा करने वाले हैं। हनुमान से हमें शिक्षा मिलती है कि जब तक जीवन से जुड़ा लक्ष्य प्राप्त नहीं हो तब तक हमें निरंतर परिश्रम करते रहना चाहिए।

हनुमान माता सीता की खोज में लंका तक गए और मार्ग में कहीं विश्राम नहीं किया। बुद्धि का सदुपयोग करके सुरसा के मुख में सूक्ष्म शरीर बनाकर प्रवेश कर गए और लंका में अपनी पूंछ को बढ़ाकर पूरी लंका को भस्म कर दिया। प्रभु राम के आदेश का उन्होंने पालन किया और अपनी सफलता का श्रेय हमेशा भगवान को दिया।





### शक्ति का नहीं किया अभिमान

उन्होंने बताया कि भगवान हनुमा ने कभी-भी अपनी शक्ति का अभिमान नहीं किया। हनुमान ने अपने हृदय में श्रीराम को बसा रखा है। जीवन का लक्ष्य केवल सांसारिक साधनों की प्राप्ति नहीं, अपितु ईश्वर की कृपा पाना ही जीव का परम पुरुषार्थ है।



### भरत मिलाप आज

महामंत्री अनिल खुराना ने बताया कि मंगलवार को भरत मिलाप और श्री राम राज्याभिषेक की कथा होगी। बुधवार को श्री राम नवमी महोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 6:30 बजे नित्य मंगला आरती होगी। 9 बजे से हवन प्रारंभ होगा। 10 बजे सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा और 11:30 बजे महिला मंडल द्वारा राम नाम संकीर्तन किया जाएगा। मध्यान्ह 12 बजे भगवान की प्राकट्य आरती होगी। 12:15 बजे महिला मंडल की ओर से भगवान के जन्म की खुशी में बधाई गान गाया जाएगा। दिन में भंडारा होगा।



## साइक्लिंग में दिखाया दमखम



**बेधड़क. जयपुर।** रनिंग व साइक्लिंग में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और फिर उनको सम्मानित भी किया गया। खेल प्रकोष्ठ भाजपा जयपुर शहर की ओर से जागरूकता कार्यक्रम में खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए रनिंग और साइक्लिंग के आयोजन किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हवामहल विधायक आचार्य बालमुकुंदाचार्य, मंजू शर्मा, श्रवण सिंह बागड़ी, अनिल शर्मा, चेतन कुमावत, अनुराधा माहेश्वरी, ओलंपियन श्रीराम सिंह शेखावत ने किया। इस मौके पर सुनील गौड़, ब्रिरेंद्र सिंह शेखावत, रेणु बिजारणिया, लक्ष्मण सिंह चौहान, शेर सिंह जादु ने अतिथियों व भाग लेने वाले खिलाड़ियों का स्वागत व सम्मान किया।

## 'मैं लड़ेगा' के ट्रेलर ने लुभाया

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स ने आकाश प्रताप सिंह की 'मैं लड़ेगा' के पोस्टर के साथ विजुअल अपील और ट्रेलर को एंजॉय किया। ट्रेलर रिलीज से वे रोमांचित हो गए। स्टोरी एक लड़के की कहानी है, जो बचपन में घबराया हुआ था। एक ऐसे बेटे की कहानी है, जिसने अपनी मां पर घरेलू हिंसा होती देखी है। फिल्म का ट्रेलर पूछने पर मजबूर करता है कि आखिर वह बॉक्सर क्यों बनना चाहता है? अक्षय भगवानजी और पिनाकिन भक्त निर्मित मूवी की आकाश प्रताप सिंह ने कहानी लिखी है।

## विशेषज्ञों का किया सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** जब मंच पर सम्मान मिला तो रोमांच आंखों पर था। फिर अपने लंबे अनुभव को युवाओं के साथ बांटने के वादे के साथ संकल्प लिया। मौका था विध्यय कोचिंग में आरडी शर्मा के सम्मान का। राजस्थान गवर्नमेंट में सेवाएं दे चुके आरडी शर्मा ने अपने अनुभव भी शेयर किए। साथ ही साथ अन्य विशेषज्ञ मौजूद रहे, जिनको भी साफा पहनकर सम्मान दिया गया। इस दौरान युवाओं के माता-पिता मौजूद रहे, जिन्होंने विध्यय के निदेशक शर्मा के साथ अन्य विशेषज्ञों से इंटरेक्ट किया। उन्होंने संबोधित करते हुए विश्वास जाता है, कि युवाओं का मार्गदर्शन सब मिलकर करेंगे।

# City इवेंट्स

## अम्बेडकर के सिद्धांत जीवन में उतारें



**बेधड़क, जयपुर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के प्रधान कार्यालय में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। समारोह में उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने बाबा की फोटो पर माल्यार्पण कर आदरांजलि दी। अमिताभ ने रेलवे कर्मचारियों व अधिकारियों से डॉ. भीमराव अम्बेडकर के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उत्तर पश्चिम रेलवे के कर्मचारी संगठनों और एसोशियसन के पदाधिकारियों मुकेश माथुर, बीएल बैरवा, टीआर मीना और भरतलाल मीना ने अम्बेडकर के जीवनमूल्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अशोक माहेश्वरी व प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह सहित सभी विभागाध्यक्ष, श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि, अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने अम्बेडकर के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर आदरांजलि दी।

## 'जलियांवाला बाग' ने खोले इतिहास के पन्ने



**बेधड़क, जयपुर।** अमृतसर में 13 अप्रैल 1919 को हुआ दिल दहला देने वाला जलियांवाला बाग नरसंहार जनरल रेजिनाल्ड डायर द्वारा भारतीयों को सबक सिखाने के लिए की गई एक सुनियोजित कार्रवाई थी। यह बात जयपुर के जगदीप सिंह ने अशोक क्लब में किश्वर देसाई की पुस्तक 'जलियांवाला बाग-1919-द रियल स्टोरी' प्रस्तुत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि घटना से तीन दिन पहले 10 अप्रैल को रॉलेट एक्ट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित करने के लिए अमृतसर में डॉ. सैफुद्दीन किचलू और डॉ. सत्यपाल की गिरफ्तारी पर झड़प हुई थी। लोग दोनों को छुड़ाने के लिए अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन देना चाहते थे। रेलवे ओवर ब्रिज पर पुलिस पिकेट तोड़ने की कोशिश में पुलिस ने फायरिंग कर दी, जिसमें करीब 20 भारतीयों की मौत हो गई। इसकी प्रतिक्रिया के रूप में पुराने अमृतसर शहर में भारतीयों द्वारा 5 यूरोपीय लोगों की हत्या कर दी गई और उन्होंने टाउन हॉल, बैंक और टेलीग्राफ भवन को जला दिया। उन्होंने बताया कि जलियांवाला बाग में अपनी कार्रवाई से डायर स्पष्ट रूप से संदेश देना चाहता था कि भारतीयों द्वारा यूरोपीय लोगों के खिलाफ इस तरह की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## दो नाटकों में कलाकारों ने दिया मैसेज

# मंच पर 'बात पोशी', पश्मीना ने कराया व्यावहारिकता से रूबरू



**बेधड़क | जयपुर**

भारतीय विद्या भवन इनफोसिस फाउंडेशन कल्चरल आउटरीच प्रोग्राम में में प्रदेश की 'बात पोशी' आर्ट का प्रदर्शन किया गया। रंग मस्ताने संस्थान के सहयोग से महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में रंगकर्मी अभिषेक मुद्गल द्वारा निर्देशित व अभिनीत तथा अमित चौधरी लिखित कहानी पश्मीना का मंचन हुआ।

नाटक में दिखाया गया कि कश्मीर में भेड़ की ऊन से बनने वाले पश्मीना, जिस घर की आजीविका का सहारा है क्रोध में आकर घर की मालकिन उसी भेड़ को घर से बाहर निकाल देती है। वहीं, मूक जानवर बर्फबारी के समय घर के छोटे बच्चे को नीचे छुपा कर बर्फ में दबने से बचा लेता है। क्रोध में कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए, जैसी शिक्षा को बच्चों ने अच्छे से देखा व स्वीकार किया। दूसरी कहानी जूते में सनकी राजा नंगे पांव चलते हुए पत्थर की चोट खाने पर धरती को चमड़े से ढंक देने के आदेश को वापस तब लेता है, जब उसका एक मंत्री धरती की बजाय अपने पैर को ही चमड़े के जूते से ढंकने की व्यवहारिकता से रूबरू कराता है। दोनों कहानियों में सुमित सीलन, रौशिक परिहार, उत्सव अत्री व खुशबू बसंदानी ने अभिनय किया। दोनों नाटकों में समाज को अच्छा मैसेज दिया गया। नाटकों में कलाकारों ने अपने किरदारों को जीवंत कर दिया। हर कलाकार ने एक्टिंग के जरिए अपने को कुछ इस तरह से डाल लिया लिया कि दर्शक उनसे सीधे कनेक्ट हो गए। बजती तालियां इसकी साक्षी बनी।

## माथुर-चतुर्वेदी समाज के बंधु आए एक मंच पर

# होली और लांगुरिया गीतों से भरे समारोह में स्नेह मिलन के रंग



**बेधड़क | जयपुर**

श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद राजस्थान और श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद जयपुर की ओर से होली-नव संवत्सर मिलन समारोह मनाया गया। महापरिषद के महामंत्री पीयूषपाणि चतुर्वेदी ने बताया कि मुख्य अतिथि श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद के राष्ट्रीय सभापति नीरज चतुर्वेदी रहे। विशिष्ट अतिथि श्वेता चतुर्वेदी, अर्चना चतुर्वेदी, विधिक परिषद के राष्ट्रीय संयोजक प्रशांत चतुर्वेदी, एडवोकेट महापरिषद राजस्थान संरक्षक-कुन्दन लाल चतुर्वेदी, सुरेश चन्द्र चतुर्वेदी, अध्यक्ष-हृदयेश चतुर्वेदी, महापरिषद जयपुर के संरक्षक पंकज भूषण चतुर्वेदी, नरेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, हरीश चतुर्वेदी, अध्यक्ष अलकेश चतुर्वेदी तथा महामंत्री-आलोक चतुर्वेदी ने श्रीमाथुर चतुर्वेदी समाज की कुलदेवी के चित्र पर माल्यार्पण व मंगलाचरण किया। पत्रकार सुनील चतुर्वेदी, अमित चतुर्वेदी, नवीन चतुर्वेदी द्वारा गाई गई होली, लांगुरिया, डॉ. अरविन्द चतुर्वेदी द्वारा तथा मारुति पाण्डे द्वारा गाए गए फिल्मी गीत की प्रस्तुति खास रही। आयोजन के मुख्य अतिथि व राष्ट्रीय सभापति (अध्यक्ष) नीरज चतुर्वेदी ने महापरिषद के सुकन्या सुरक्षा निधि शुरू किए जाने की घोषणा की। महापरिषद 31 मई को अहमदाबाद में चतुर्वेदी समाज के App.website की लॉन्चिंग करेगा। कार्यक्रम में विभिन्न प्रस्तुति देने वाले बच्चों, बांधवों तथा मातृ शक्ति का सम्मान किया गया। संचालन प्रदेश महामंत्री पीयूषपाणि चतुर्वेदी व प्रदेश सांस्कृतिक मंत्री अमृता चतुर्वेदी ने किया।

**ऑक्शन** | समारोह में टीशर्ट और चैंपियंस ट्रॉफी का हुआ अनावरण

# डॉ. महाक्षित बने DPTL-4 के सबसे महंगे खिलाड़ी

**बेधड़क | जयपुर**

अक्षत डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग के चतुर्थ संस्करण के लिए खिलाड़ियों टेनिस खिलाड़ियों की नीलामी शहर के निजी होटल में की गई। डॉ. महाक्षित 57 लाख पॉइंट्स के साथ सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे। समारोह में टीशर्ट और चैंपियंस ट्रॉफी का अनावरण भी किया गया। प्रतियोगिता के पेट्रोन डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि यह प्रतियोगिता 24 अप्रैल से जय क्लब में प्रारंभ होगी। प्रतियोगिता के चेयरमैन डा जयंत सेन ने बताया कि जूनियर वर्ग में सबसे अधिक बोली आइकन कैटेगरी में 29 लाख पॉइंट में मानसी महला को जयपुर गैस्ट्रो ने खरीदा।



लीग को चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि प्रीमियम कैटेगरी में उत्कर्ष को 38 लाख पॉइंट में एओएसआईएच ने, प्लेटिनम कैटेगरी में अश्मी धाकड़ को 21 लाख पॉइंट में पीयूष हॉस्पिटल ने खरीदा। लीग सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि सीनियर वर्ग में आइकन कैटेगरी में डॉ. महाक्षित को होप हॉस्पिटल ने 57 लाख पॉइंट में खरीदा। प्रीमियम कैटेगरी में डॉ. टीएस सिंह को तीस लाख पॉइंट में रेटिना रैकेटियर्स ने लिया। प्लेटिनम कैटेगरी में डॉ. वेंकटेश को तेइस लाख की बोली लगाकर आरजे 13 किंग्स ने खरीदा। लीग कोऑर्डिनेटर डा सचिन खट्टर डॉ. ने बताया कि एमर्ल्ड वर्ग में 22 लाख पॉइंट में डॉ. अजीत कुल्हरी को स्पॉटी डॉक शूटर्स, डायमंड वर्ग में डॉ. दीपक शुक्ला को 30 लाख पॉइंट में मलोत वारियर्स ने खरीदा। टूर्नामेंट में स्टार वर्ग में डॉ संजीव गुप्ता को 22 लाख पॉइंट में फोर्टिस हॉस्पिटल ने खरीदा।

### दो सौ चिकित्सक लेंगे भाग

लीग कॉर्डिनेटर डॉ. ओम मील ने बताया कि इस अवसर पर टी शर्ट का अनावरण लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन व ट्रिप फैक्ट्री के जोनल हेड गणेश चौधरी की उपास्थित में किया गया। उस अवसर पर डॉ. दीपक सैनी को भी सम्मानित किया गया। राजस्थान व अन्य राज्यों से करीब दो सौ चिकित्सक सीनियर और जूनियर वर्ग और ओपन केटेगरी में भाग लेंगे।



प्रत्येक दिन का मूल्यांकन उस फसल से मत करो जो तुम काटते हो, बल्कि उस बीज से करो जो तुम बोते हो।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### अफगानिस्तान के 34 प्रांतों पर मंडराया प्राकृतिक आपदा का खतरा...

# भारी बारिश ने ढहाया कहर... 33 लोगों की मौत

**कीव**। इस्लामाबाद

तालिबान शासित अफगानिस्तान में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ के कारण तीन दिन में 33 लोगों की मौत हो गई, जबकि 27 अन्य घायल हो गए। बाढ़ में 600 से ज्यादा घर बह गए। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और भी अधिक तबाही की आशंका जताई है। ऐसा अनुमान है कि अफगानिस्तान के 34 प्रांतों पर प्राकृतिक आपदा का खतरा मंडरा रहा है। प्राकृतिक आपदा प्रबंधन मंत्रालय के लिए तालिबान के प्रवक्ता अब्दुल्ला जनान सैक ने बताया कि राजधानी काबुल और कई प्रांतों में अचानक बाढ़ आ गई। बाढ़ के कारण 600 से अधिक मकान नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गए हैं जबकि करीब 200 मवेशियों की मौत हो गई। इसके साथ ही बाढ़ से 800 हेक्टेयर कृषि भूमि भी नष्ट हो गई है और 85 किमी से अधिक की सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई। बाढ़ के कारण पश्चिमी फराह, हेरात, दक्षिणी जाबुल और कंधार प्रांतों में सबसे अधिक नुकसान पहुंचा है।








### ग्लोबल वार्मिंग से बिगड़ रहा है मौसम का मिजाज

अफगानिस्तान में इससे पहले भी प्राकृतिक आपदा में कई लोगों की जान जा चुकी है। इससे पहले फरवरी में पूर्वी अफगानिस्तान में भारी बर्फबारी के बाद हुए भूस्खलन में 25 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि मार्च में हुई तीन हफ्ते की बारिश में लगभग 60 लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र ने पिछले साल चेतावनी दी थी कि अफगानिस्तान चरम मौसम की स्थिति में बड़े बदलावों का अनुभव कर रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण मौसम का मिजाज बिगड़ रहा है।

### तीसरे विश्व युद्ध की आहट... नेतन्याहू पर सबकी नजर

# ईरान-इजरायल की जंग ने बढ़ा दी दुनिया की टेंशन

**एजेंसी** | तेल अवीव

ईरान की ओर से इजराइल पर मिसाइलें और ड्रोन दागे जाने के बाद पूरी दुनिया में टेंशन का माहौल है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी जैसे पश्चिमी देश और रूस, चीन और भारत जैसी एशियाई शक्तियों की घटनाक्रम पर पैनी नजर बनी हुई है। हर किसी की निगाह फिलहाल इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू पर टिकी हुई है कि वह अगला फैसला क्या लेते हैं। इस बीच नेतन्याहू सरकार ने वॉर कैबिनेट की दूसरी मीटिंग बुलाई है। इसमें मंथन होगा कि आखिर कैसे ईरान की हरकत का माकूल जवाब दिया जाएगा।

इजराइल की ओर से फिलहाल संभलकर कदम उठाने के संकेत मिले हैं, लेकिन नेतन्याहू सरकार अपने सख्त तेवरों के लिए जानी जाती है। ऐसे में वह कोई सरप्राइज अटैक का फैसला भी कर सकते हैं। इस बीच दुनिया भर के नेताओं का रिएक्शन आया है और उन्होंने ईरान एवं इजराइल से शांति की अपील की है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि मैं इसकी तीखी निंदा करता हूं। इसके साथ ही उन्होंने इजराइल से भी संयम की अपील की। खबर है कि बेंजामिन नेतन्याहू तुरंत युद्ध में भी कूदना चाहते थे, लेकिन बाइडेन ने कहा कि ऐसा करना ठीक नहीं होगा। फिर इजरायल यदि उतरेगा भी तो अमेरिका सक्रिय तौर पर हिस्सा नहीं लेगा। बाइडेन के अलावा यूरोपीय नेताओं का भी कहना है कि अब खून खराबा रुकना चाहिए। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि मैं ईरान की ओर से किए हमले की निंदा करता हूं। ईरान की इस हरकत से पश्चिम एशिया में स्थिरता को खतरा पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि फ्रांस अपील करता है कि दोनों देश तनाव से बचें। जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बाएरबॉक ने भी अपील की कि शांति बरती जाए। इसके साथ ही उन्होंने ईरान की ओर से किए हमले की निंदा की भी की और कहा कि उसने दुनिया को एक नए खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान और उसके सहयोगी आतंकी संगठनों को तत्काल रुक जाना चाहिए।



### कोलंबिया के राष्ट्रपति बोले-ये तीसरे विश्व युद्ध की आहट

ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने कहा कि हम ईरान की हरकत की कड़ी निंदा करते हैं। सऊदी अरब, मिस्र, बहरीन, यूएई और कुवैत समेत कई खाड़ी देशों ने भी इस तनाव को कम करने की अपील की है। वहीं दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने तो साफ कहा कि यह तीसरे विश्व युद्ध की आहट है। यदि इसे अभी नहीं रोका गया तो ईरान का हमला तीसरे विश्व युद्ध की एक प्रस्ताव हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसका पहले से अनुमान था। ऐसा लगता है कि हम तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं। हमारी अपील है कि मानवता के लिए युद्ध को टाल दिया जाए।

# शिप में सवार 17 भारतीयों से मिल सकेंगे अफसर

**एजेंसी** | तेहरान

ईरान से भारत के लिए अच्छी खबर आई है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारत सरकार के अधिकारियों को जब्त किए गए इजराइल से जुड़े कार्गो शिप पर सवार 17 भारतीयों से मिलने की अनुमति दी जाएगी। भारत को यह भरोसा विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा अपने समकक्ष डॉ.अमीर अब्दुल्लाहियन को फोन करने की बाद आई है। एस जयशंकर ने भारतीयों की स्थिति पर चिंता जाहिर की थी। ईरानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एस जयशंकर ने मामले में मदद करने की बात कही। डॉ. अमीर अब्दुल्लाहियन ने इस संबंध में कहा कि हम जब्त किए गए जहाज पर नजर रख रहे हैं और जल्द ही भारत सरकार के प्रतिनिधियों के लिए जहाज के चालक दल से मिलना संभव होगा। ईरान ने इजराइल से जड़े कार्गो शिप पर कब्जा कर लिया था। इस पर 17 भारतीय चालक दल सवार है। इनकी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए भारत ईरान के संपर्क में है। जयशंकर ने इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए संयम बरतने का आह्वान किया है।








### यूएस स्पेस फोर्स की युद्ध की तैयारी

# अमेरिका का अंतरिक्ष में गुप्त मिशन!

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अमेरिका इन दिनों अंतरिक्ष युद्ध को कुछ ज्यादा ही गंभीरता से ले रहा है। इतना कि, यूएस स्पेस फोर्स अंतरिक्ष में युद्ध की तैयारी कर रही है। इस कोशिश में यूएस स्पेस मिलिट्री ब्रांच दो कंपनियों के साथ मिलकर यह प्रदर्शित कर रही है कि वह अंतरिक्ष में खतरों से कैसे निपटेगी। इसे पृथ्वी से परे संभावित दुश्मनों के खिलाफ तैयारी में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दरअसल, अमेरिका को लग रहा है कि उसके दो सबसे बड़े दुश्मन चीन और रूस अंतरिक्ष में सैन्य तैयारियों को गति दे रहे हैं। पिछले महीने ही अमेरिका ने दावा किया था कि चीन और रूस अंतरिक्ष में हथियार तैनात करने की कोशिश में हैं।



### 2025 में शुरू होगा मिशन

विक्टस हेज मिशन 2025 के लिए निर्धारित है। इस दौरान प्रत्येक कंपनी को अंजाम देने के लिए मिशन योजनाओं का एक सेट प्रदान किया जाएगा। मिशन के दौरान, स्पेस फोर्स अंतरिक्ष में संभावित खतरनाक स्थितियों का अनुकरण करने के लिए दो अंतरिक्ष यान का उपयोग करेगी। इसमें ऐसे परिदृश्य शामिल हो सकते हैं जैसे कोई उपग्रह अमेरिकी अंतरिक्ष यान के लिए खतरा पैदा कर रहा है या विदेशी उपग्रह और अंतरिक्ष यान अमेरिकी सैन्य उपग्रहों के खिलाफ जासूसी गतिविधियों में संलग्न हैं।

### विक्टर हेज मिशन के जरिए करेगी अभ्यास

यूएस स्पेस फोर्स ने अपने विक्टस हेज मिशन के हिस्से के रूप में रॉकेट लैब और ट्रू एनोमली को कुल 62 मिलियन डॉलर का अनुबंध दिया है। इन अनुबंधों से वास्तविक जीवन के परिदृश्यों का अनुकरण करने की उम्मीद है जहां अमेरिकी अंतरिक्ष सैन्य शाखा पृथ्वी की कक्षा में खतरों का जवाब देगी। एक बयान के अनुसार, रॉकेट लैब को अपने इलेक्ट्रॉन रॉकेट का उपयोग करके एक अंतरिक्ष यान का निर्माण और लॉन्च करने के लिए अनुबंधित किया गया है, जबकि ट्रू एनोमली को एक अंतरिक्ष यान विकसित करने का काम सौंपा गया है जो मिलन स्थल, टोही और निकटता संचालन में सक्षम है। इसमें एक कमांड और कंट्रोल सेंटर भी उपलब्ध कराना होगा।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl